नई दिल्ली
शनिवार, 26 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 102
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 29

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





कारगिल
विजय दिवस आज

# सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस को राजी हुई सरकार

**संसद में गतिरोध खत्म होने की जगी उम्मीद, सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति**

**शुक्रवार को भी विपक्ष ने किया हंगामा, एसआईआर पर विपक्ष की नारेबाजी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में सोमवार से गतिरोध खत्म होने की उम्मीद जगी हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सदन के कामकाज पर चर्चा के लिए सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाए जाने के बाद यह सहमति बनी। सरकार ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोमवार से विशेष बहस कराने पर सहमति जताई। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पहले शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामें के चलते लोकसभा की कार्यवाही बाधित हुई। शुक्रवार को जब विपक्षी सदस्य तख्तियां लिए



सदन के वेल में आ गए तो ओम बिरला ने कहा कि विरोध दर्ज करने का एक तरीका होता है। अगर आप संसद नहीं चलाना चाहते हैं... तो सदन की कार्यवाही आज दोपहर दो बजे तक बैठक स्थगित कर दी गई। दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी हंगामा नहीं थमा तो लोकसभा अध्यक्ष ने सोमवार सुबह 11 बजे तक बैठक स्थगित कर दी। इससे पहले बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए। विपक्षी सांसद बिहार में चल रही विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले की जा रही यह प्रक्रिया जन प्रतिनिधित्व के अधिकार पर हमला है। विपक्ष का कहना है कि इस प्रक्रिया के जरिए लाखों मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाया जा रहा है, जो संविधान और लोकतंत्र पर जानबूझकर किया गया हमला है। लोकसभा स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से निचले सदन को सामान्य रूप से चलने देने का आग्रह किया और बैनरों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गतिरोध ठीक नहीं है। गतिरोध समाप्त करने के लिए चर्चा होगी। सरकार के प्रतिनिधि भी होंगे... अगर कोई असहमति है, तो उसे सदन के नियमों के अनुसार व्यक्त किया जाना चाहिए।

## राज्यसभा में नहीं, लोकसभा में ही आएगा कैश कांड में फंसे जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया। इसके बजाय, अब इस मामले की कार्रवाई लोकसभा में सरकार द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव के माध्यम से आगे बढ़ेगी। सूत्रों के अनुसार, 63 विपक्षी सांसदों ने 21 जुलाई 2025 को राज्यसभा के सभापति और तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की



नोटिस दी थी। इस नोटिस पर कांग्रेस, सीपीएम, और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर थे। हालांकि, यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से राज्यसभा में पेश नहीं हुआ और इसे एडमिट नहीं किया गया था। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव आया था लेकिन इसे कभी भी औपचारिक जामा नहीं पहनाया जा सका था। संसदीय कार्यसूची में सूचीबद्ध नहीं किया गया था। तालिका ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 8 बच्चों की मौत, 5 शिक्षक निलंबित

**झालावाड़।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव



में शुक्रवार सुबह स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में 8 बच्चों की मौत हो गई है। शिक्षा विभाग ने पांच शिक्षकों को निलंबित किया है। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रार्थना चल रही थी। हादसे के समय छात्र स्कूल भवन के अंदर प्रार्थना कर रहे थे जबकि शिक्षक भवन के बाहर थे। इस वजह से वे बच गए। इस हादसे में करीब 27 बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### भारत सरकार ने सॉफ्ट पोर्न 25 एप और वेबसाइट्स पर लगाया 'बैन'

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने ऑनलाइन अश्लील सामग्री के



प्रसार पर लगाम कसने के लिए 25 ओटीटी एप्स और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन प्लेटफॉर्म्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने का निर्देश दिया है यानी इन एप्स पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय को ये पता चला कि ये एप्स और वेबसाइट्स आपत्तिजनक विज्ञापन और अश्लील कंटेंट प्रसारित कर रही थीं, जो कई भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। इसके बाद मंत्रालय ने इन सभी पर कार्रवाई करते हुए देश भर में एक्सेस ब्लॉक करने का आदेश जारी किया।


### भारत और मालदीव के राष्ट्राध्यक्षों के बीच माले में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी ने की यह घोषणा

# ब्रिटेन के बाद अब मालदीव के साथ होगा भारत का एफटीए, शुरू हुई बातचीतः प्रधानमंत्री

- *शीर्ष नेताओं की वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच हुए कुल 8 समझौतों पर हस्ताक्षर*
- *शनिवार को मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे प्रधानमंत्री*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कभी सत्ता संभालने के तुरंत बाद 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के स्वर शुक्रवार को पूरी तरह से बदले हुए नजर आए। जिसकी पहली झलक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान इस द्वीपीय देश की राजधानी माले के हवाईअड्डे पर देखने को मिली। जहां राष्ट्रपति मुइज्जू ने स्वयं पहुंचकर पीएम की रेड कार्पेट वेलकम के साथ अगवानी की, मालदीव के सैन्य-बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ आर्नर दिया। इस दौरान मालदीव के रक्षा, वित्त और गृह मामलों के मंत्री भी मौजूद थे। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग से जुड़े तमाम मुद्दों ▶▶ शेष पेज 5 पर





### यूं मिलेगी आर्थिक साझेदारी को गति

*बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि भारत और मालदीव के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू हो गई है। जिसमें अब हमारा लक्ष्य कागजी कार्रवाई से समृद्धि की ओर केंद्रित है। दोनों देशों के मध्य एफटीए से जुड़ी संदर्भ शर्तों पर भी सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को गति प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जिसमें आपसी निवेश को बढ़ाने के लिए दोनों जल्द से जल्द द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। स्थानीय मुद्रा में भुगतान तंत्र से रुपए-रूफिया में सीधे व्यापार कर सकेंगे। जिस रफ्तार से मालदीव में यूपीआई को बढ़ावा मिल रहा है। उससे पर्यटन और रिटेल दोनों क्षेत्रों को बल मिलेगा। दोनों नेताओं ने बैठक में 2024 में जारी अपनाई गई व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का भी जायजा लिया।*

### पीएम की तीसरी मालदीव यात्रा

*यहां बता दें कि प्रधानमंत्री की मालदीव की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले वह वर्ष 2018, 2019 में भी यहां आए थे। वहीं, नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यकाल की शुरुआत के दौरान की गई किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की यह पहली मालदीव यात्रा है। शनिवार को पीएम मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करेंगे। इसी दिन दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ को लेकर संयुक्त रूप से एक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।*

### कुल 8 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

*दोनों देशों के बीच कुल करीब 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें भारत द्वारा मालदीव को दिए जाने वाला 4 हजार 850 करोड़ रुपए का ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) समझौता शामिल है। यह पहली एलओसी है, जो भारतीय मुद्रा यानी रुपए में दी जाएगी। धनराशि की मदद से मालदीव में ढांचागत परियोजनाओं के विकास में निवेश किया जाएगा। जिससे आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित एलओसी पर मालदीव के वार्षिक ऋण पुनर्भुगतान दायित्वों को कम करने के लिए एक संशोधनात्मक समझौता हुआ। जिसमें मालदीव का वार्षिक ऋण पुनर्भुगतान में 40 फीसदी (51 मिलियन डॉलर से 29 मिलियन डॉलर) घटेगा। अन्य समझौतों में फिशरीज एंड एक्वाकल्चर, डिजिटल समाधान साझा करने, भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता देने के लिए भी समझौते हुए हैं। एनपीसीआईएल और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के बीच नेटवर्क-टू-नेटवर्क एग्रीमेंट हुआ है।*

### आईओआर में शांति का साझा लक्ष्य

*पीएम ने कहा कि भारत की पड़ोस पहले नीति और महासागर विजन में मालदीव अहम स्थान रखता है। हम इस द्वीपीय देश के एक सबसे भरोसेमंद मित्र हैं। आपदा हो या महामारी भारत ने हमेशा ही सबसे पहले पहुंच कर मालदीव को सहायता प्रदान की है। मालदीव की रक्षा क्षमताओं के विकास में हम योगदान करते रहते हैं। दोनों देशों का हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति, स्थिरता और समृद्धि का साझा लक्ष्य है। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में दोनों एकजुटता से क्षेत्रीय समुद्री* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विरोध के बावजूद चुनाव आयोग का ऐलान

## अब पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम

**जल्द जारी हो सकता है इसका शेड्यूल**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विपक्ष द्वारा संसद से लेकर सड़क तक विरोध किया जा रहा है। भारी विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि देशभर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम अब शुरू करने का फैसला किया गया है और जल्द ही इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

चुनाव आयोग ने बीती 24 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था और कहा था कि संवैधानिक कर्तव्य के तहत और मतदाता सूची की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम किया जाएगा। अब चुनाव आयोग ने उसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मतदाता सूची की अखंडता को बनाए रखना निष्पक्ष और मुक्त चुनाव के लिए आधारभूत जरूरत है। जनप्रतिनिधि कानून, 1950 और रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टोरल रूल्स, 1960 के तहत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एसआईआर पर क्यों हो रहा विवाद?

पिछले महीने 24 जून को निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश दिया था। यह 25 जून से 26 जुलाई 2025 के बीच होना है। चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में फर्जी, अयोग्य और दो जगहों पर पंजीकृत मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण किया जा रहा है। वहीं विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि चुनाव आयोग इस विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए पिछले दरवाजे से लोगों की नागरिकता की जांच कर रहा है। साथ ही विपक्ष का आरोप है कि इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर लोगों से मतदान का अधिकार छीना जा सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उसकी नागरिकता समाप्त हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ा इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड

## 'सबसे लंबे समय' तक पद पर रहने वाले दूसरे पीएम बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी से लगातार पीएम बने रहने के मामले में इंदिरा गांधी को पीछे कर दिया है। दरअसल, इंदिरा गांधी ने 4077 दिनों तक लगातार प्रधानमंत्री पद का कार्यकाल संभाला था। पीएम मोदी शुक्रवार को इससे आगे निकल गए। इसके साथ ही अब वह दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं, जो लगातार इतने लंबे समय तक पीएम बने रहे। फिलहाल पीएम मोदी का कार्यकाल अभी भी जारी है। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अब भी सबसे आगे हैं। वहीं स्वतंत्र भारत में जन्मे पहले प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। दरअसल, नरेंद्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक



भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे शख्स बन गए हैं। इंदिरा गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रही थीं। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के मामले में नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। नरेंद्र मोदी 2001 में गुजरात ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये रिकॉर्ड भी पीएम मोदी के नाम

*वहीं आजादी के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। गुजरात में जन्मे नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में दो पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं। एक अधिकारी ने कहा, मोदी भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों में से एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक पार्टी के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं। इसमें 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव और 2014, 2019 और 2024 में लोकसभा चुनाव शामिल हैं।*

### प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजन की तैयारियां पूरीः नायब

## केन्द्रीय गृहमंत्री शाह से नई दिल्ली में मिले मुख्यमंत्री नायब, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किशाऊ बांध व कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में एक बड़े कार्यक्रम के आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री सैनी ने यह जानकारी शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित



हरियाणा भवन में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात के उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान किशाऊ बांध सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह से विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा, राज्य में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीव्र गति से कार्य किया है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से उठाकर चौथे स्थान तक पहुंचाया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केंद्रीय कर्मियों के लिए राहत भरी खबर


## बुजुर्ग माता-पिता की सेवा के लिए हर साल मिलेगी 30 दिन की छुट्टी

**कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्रीय कर्मी अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारण का हवाला देकर हर साल अन्य पात्र अवकाशों के अलावा 30 दिन की अतिरिक्त छुट्टी ले सकते हैं। ये पात्र अवकाशों के अलावा प्रति वर्ष 30 दिन के अर्जित



अवकाश के रूप में होगी। इसके अलावा कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकते हैं। केंद्रीय कर्मियों को 8 दिन का आकस्मिक अवकाश और 2 दिन का प्रतिबंधित अवकाश लेने की भी छूट है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक

**मंत्री ने एक सवाल पर राज्यसभा में दी जानकारी**

सवाल के जवाब में बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 में अन्य पात्र छुट्टियों के अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रति वर्ष 30 दिन की अर्जित छुट्टी, 20 दिन की आधे वेतन की छुट्टी, 8 दिन की आकस्मिक छुट्टी और 2 दिन की प्रतिबंधित छुट्टी का प्रावधान है। इसका लाभ वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारणों से उठा सकते हैं।

### सीमाओं पर टूटेंगे दुश्मन के हौसले...

## डीआरडीओ ने मानवरहित विमान से किया 'यूएलपीजीएम-वी3' मिसाइल का सफल परीक्षण

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत ने परीक्षण में शामिल टीम को दी बधाई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू स्तर पर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान बड़े पैमाने पर किए गए मानवरहित विमानों यानी यूएवी के इस्तेमाल ने इनके रणनीतिक महत्व को कई गुना बढ़ा दिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इसी सच्चाई को भांपते हुए देश की सशस्त्र सेनाओं की संबंधित क्षेत्र में ताकत बढ़ाने के लिए उन्नत यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम-वी3) का आंध्र-प्रदेश के कुरनूल में राष्ट्रीय ओपन एरिया परीक्षण रेंज (एनओएआर) में सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल डीआरडीओ द्वारा पहले से विकसित और



वितरित यूएलपीजीएम-वी2 का उन्नत संस्करण है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के दौरान मिसाइल को एक मानवरहित विमान से छोड़ा गया। जिसे एक स्वदेशी स्टार्टअप न्यूस्पेस रिसर्च ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिन-रात हमला करने में सक्षम मिसाइल

*मंत्रालय ने कहा, यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल को समतल और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से आसानी से लांच किया जा सकता है। इसमें दिन-रात की क्षमता और प्रक्षेपण के लक्ष्य के लिए दो तरफ डेटा लिंक मौजूद है। मिसाइल एक विशिष्ट दोहरे चैनल सीकर से सुसज्जित है, जो अलग-अलग प्रकार के लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। मौजूदा परीक्षण मिसाइल में शामिल हथियार और उसके हर पहलू की पड़ताल करने के लिए किए गए थे। यूएलपीजीएम-वी3 में तीन मॉड्यूलर वॉरहेड विकल्प हैं। जिनमें* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हथियारों के एकीकरण में लगा डीआरडीओ

*डीआरडीओ कई अन्य भारतीय कंपनियों के लंबी दूरी और उच्च क्षमता वाले यूएवी के साथ यूएलपीजीएम हथियारों के एकीकरण को लेकर सक्रियता से काम कर रहा है। उसकी इस योजना को सफल बनाने में विकास सह-उत्पादन साझेदार (डीसीपीपी) अडानी डिफेंस, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (हैदराबाद) और 30 एमएसएमई, स्टार्टअप ने अहम योगदान दिया है।*

## पूरी दिल्ली के सहयोग से एक माह तक चलेगा यह अभियान

# 'दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान' की अगस्त से होगी शुरुआत : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली सरकार 'दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान' की शुरुआत करने जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह घोषणा की है और उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान एक से 31 अगस्त तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में शामिल होकर दिल्ली को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाएं।

इस अभियान को सघन रूप से चलाने के लिए दिल्ली सरकार के सभी विभाग अपनी भागीदारी निभाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, स्कूली व कॉलेज के बच्चों व अन्य संस्थानों को शामिल किया जाएगा। अभियान में जन-भागीदारी को और पुख्ता करने के लिए एक पोर्टल भी शुरू किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान' को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की, जिसमें इस अभियान की गहन समीक्षा की गई। बैठक में शहरी विकास व शिक्षा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित शहरी विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम सहित अधिकतर विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



### 29 जुलाई को निगम मुख्यालय में की जाएगी बैठक

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस अभियान की रूपरेखा के लिए 29 जुलाई को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में एक बड़ी बैठक की जाएगी, जिसमें दिल्ली सरकार के मंत्री, सांसद, पार्षद के अलावा विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

### अभियान के जरिए हम पूरे देश को देंगे स्वच्छता का संदेश : सूद

इस अवसर पर शहरी विकास व शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि "दिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान" के जरिए हम पूरे देश को स्वच्छता का संदेश देंगे कि दिल्ली के लोग भी ऐसे अभियानों में गंभीरता दिखाने लगे हैं। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी इस अभियान में शामिल होकर पूरी दिल्ली को जागृत करेंगे और निश्चित करेंगे कि पूरी दिल्ली इसमें अपना सहयोग करे। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकारी पोर्टल में अपनी फोटो आदि डालेंगे, उन्हें पुरस्कृत करने पर भी विचार किया जाएगा।

### 'देश की आजादी के लिए जाना जाता है अगस्त माह'

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अगस्त माह देश की आजादी के लिए जाना जाता है। हमारी सरकार ने भी निर्णय लिया है कि इस माह "दिल्ली को कूड़े से आजादी" दिलाई जाए। अभियान में जनभागीदारी के अलावा विभिन्न विभागों की सहभागिता के समन्वय को इतना शानदार तरीके से चलाया जाएगा कि लोग वाकई कहें कि अगस्त माह में दिल्ली को 'कूड़े से आजादी' मिल गई।

## अशोक विहार वजीरपुर सहित अन्य झुग्गियों में पहुंचे राहुल, पीड़ितों से की मुलाकात

नई दिल्ली। मानसून सत्र के बीच एकाएक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को अशोक विहार वजीरपुर, जेलर



वाला बाग आदि जगहों पर तोड़ी गई झुग्गीवासियों के बीच पहुंचे। राहुल गांधी को अपने बीच देखर झुग्गीवासियों ने गुहार लगाई कि हमें सिर छिपाने की छत तक नसीब नहीं हो रही है। राहुल ने तोड़ फोड़ के पीड़ितों से बातचीत करते हुए कई सवाल जवाब किए और भरोसा दिया कि कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी है। राहुल ने झुग्गियों में तोड़ फोड़ के लिए भाजपा, पीएम नरेंद्र मोदी, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को निशाने पर रखा। मौके पर राहुल गांधी ने पीड़ितों से पूछा कि यहां कितने एकड़ जमीन पर बुलडोजर चला है। राहुल के सवाल पर एक व्यक्ति ने जबाब दिया कि करीब 100 एकड़ पर बुलडोजर चला है। जिस पर राहुल गांधी ने मुस्कराते हुए कहा कि अरे भइया, सौ एकड़ के करीब तो मैं रोज पैदल चलता हुं। राहुल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों से पहले बार बार घोषणा की थी कि सरकार जहां झुग्गी वहीं मकान योजना लागू करके गरीबों को पक्के मकान देगी। लेकिन सत्ता में आने के बाद मोदी अपना वादा भूल गए। दिल्ली में दो दशक बाद आई भाजपा की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार अब गरीबों की छत हटाने में जुटी है। इस अवसर पर पीड़ितों ने राहुल गांधी से मदद की गुहार लगाई है।

## विजय गोयल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की भेंट

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और



उन्हें राष्ट्रपति पद का तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कार्यकाल न केवल बहुत अच्छा रहा है, बल्कि पूरी तरह अविवादित और गरिमामय भी रहा है। एक आदिवासी महिला के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने से न केवल आदिवासी समाज को बल्कि पूरे देश में विशेषकर समाज के वंचित वर्गों को सशक्तिकरण की प्रेरणा मिली है। गोयल ने उन्हें गांधी स्मृति में आमंत्रित करते हुए कहा कि शीघ्र ही गांधी स्मृति द्वारा झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अगर राष्ट्रपति महोदया की उपस्थिति होगी तो यह पूरे देश में एक प्रेरणादायक संदेश देगा। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के लिए गांधी स्मृति लगातार शैक्षिक, सांस्कृतिक, ट्रेनिंग के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

## अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए दृढ़-संकल्पित है दिल्ली सरकार : रेखा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार राजधानी के सभी अस्पतालों को अपग्रेड करने और वहां बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए दृढ़-संकल्पित है। बहुत जल्द ही दिल्ली के लोगों को कुछ अस्पतालों में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार अस्पतालों में जल्द ही बिस्तर बढ़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के अस्पतालों में चल रहे अतिरिक्त निर्माण व नए बन रहे अस्पतालों की समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री सचिव धर्मेंद्र व स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अधूरे अस्पतालों या जिन अस्पतालों में विभिन्न इलाज के लिए अतिरिक्त वार्ड आदि बनाए जा रहे हैं, अब वहां तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि तय समय पर इन अस्पतालों का निर्माण कार्य पूरा हो जाए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह भी निर्देश दिए कि जिन आईसीयू अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी आधारित अस्पतालों (जैसे कैंसर, बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य आदि) में बदलना है, वहां सभी संभावित सुविधाओं को लेकर लगातार निगरानी भी की जाए।

## विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा हमारे लोकतांत्रिक सफर का गौरवपूर्ण प्रतीक है। इसकी विरासत को संरक्षित कर देशवासियों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से शिष्टाचार भेंट की और इस मौके पर मीडिया को यह जानकारी दी। इस अवसर पर गुप्ता ने उपराज्यपाल को दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय महत्व की धरोहर तथा एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना के बारे में बताया। उपराज्यपाल ने इस पहल को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया और संबंधित सभी विभागों से सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इस दिशा में शीघ्र एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी। साथ ही, उपराज्यपाल जल्द ही विधानसभा परिसर का दौरा करेंगे ताकि इस विषय पर विस्तार से चर्चा की जा सके। यह बैठक दिल्ली विधानसभा को लोकतांत्रिक धरोहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपराज्यपाल के पूर्ण समर्थन और साझा दृष्टिकोण के साथ यह पहल आगामी हफ्तों में महत्वपूर्ण प्रगति की ओर अग्रसर होगी।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' हमारे देश का भविष्यः महापौर

नई दिल्ली। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' हमारे देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यूथएक्सकनेक्ट द्वारा दिल्ली नगर निगम के सहयोग से शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर राष्ट्रीय युवा संसद के आयोजन के अवसर पर दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज की इस राष्ट्रीय युवा संसद में छात्रों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार साझा किए। यह विषय देश के भविष्य को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकता है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का आशय है कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। इस कार्यक्रम में दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों और दिल्ली विश्वविद्यालय के लगभग 240 छात्रों ने भाग लिया तथा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## पर्यावरण मंत्री ने विशेष बच्चों के साथ किया पौधारोपण

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नेहरू विहार स्थित गवर्नमेंट लेडी नॉयस मिडिल स्पेशल स्कूल फॉर द डेफ का दौरा किया और विशेष बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि ये बच्चे भले ही सुन या बोल नहीं सकते, लेकिन आज इनकी मुस्कान और चमकती आंखों ने जो कहा, वो शब्दों से कहीं ज्यादा था। यह एक बेहद भावुक क्षण था। जैसे ये बच्चे बड़े होकर देश का भविष्य गढ़ेंगे, वैसे ही आज लगाए गए ये पेड़ उनके कल की रक्षा करेंगे। यही है वन महोत्सव की सच्ची भावना। सिरसा ने स्कूल के शिक्षकों की भी तारीफ़ करते हुए कहा कि वे सिर्फ़ बच्चों के शिक्षक नहीं, बल्कि मूल्यों और संवेदनाओं के भी रक्षक हैं।



## खबर संक्षेप

### फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एएफए से करार

**गुरुग्राम।** देश में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए लुलु फॉरेक्स और लुलु फिनसर्व ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ साझेदारी कर भारत में उसके रीजनल फिनटेक पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह करार लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत उसकी विभिन्न इकाइया 10 देशों में एएफए की आधिकारिक पार्टनर बनेंगी।



### ठगी करवाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर ठग तकनीकी का गलत प्रयोग करके लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। टास्क के बहाने धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उससे अलग-अलग टास्क के लिए 1,10,600 रुपए अपने खाता में डलवाए और कोई पैसा वापस नहीं दिया।



### चोरी के मामले में डिलीवरी बॉय को दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने डिलिवरी बॉय को काबू कर उसके कब्जे से सामान बरामद किया है। थाना सारन में दीपक निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद ने अपनी दी शिकायत में बताया कि वह स्काई एयर मोबिलिटी प्रा लि कंपनी में काम करता है। जहां पिछले कुछ दिनों से कंपनी से सामान चोरी हो रहा था। जब स्टॉक कॉउट किया गया तो पाया की सामान कम है। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



# इशान धर ने पुरुष एकल वर्ग व अमीषा चौहान ने महिला एकल वर्ग में खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश में पहली बार हुई गुरुग्राम में आयोजित कॉर्पोरेट पिकलबॉल चैंपियनशिप ओपन कोर्ट्स में 30 से ज़्यादा कंपनियों के लगभग 400 कर्मचारियों ने भाग लिया। एक्सिस बैंक के तत्वावधान में आयोजित कॉर्पोरेट पिकलबॉल चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल, कल्याण और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना था। बैंक ने इसके लिए इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के साथ साझेदारी की। ओपन कोर्ट्स एक ऐसा मंच है, जहां कॉर्पोरेट जगत के लोग पिकलबॉल खेल सकते हैं, एक-दूसरे से मिल सकते हैं और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**खास बातें**

- गुरुग्राम में 30 से ज़्यादा कंपनियों के लगभग 400 कर्मचारियों ने भाग लिया
- एक्सिस बैंक के तत्वावधान में किया आयोजन
- स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना उद्देश्य

### पिकलबॉल चैंपियनशिप ओपन कोर्ट्स में लिया कंपनी कर्मियों ने भाग लिया



एक्सिस बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी अनूप मनोहर ने कहा कि इस रोमांचक आयोजन के लिए विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों को एक साथ आते देखना वाकई खुशी की बात है। हमने एक ऐसे गतिशील मंच की कल्पना की है जो कॉर्पोरेट भारत को स्वास्थ्य, टीम वर्क और सौहार्द के साझा मूल्यों के माध्यम से एक साथ लाए। तीन दिवसीय कार्यक्रम में एएमडी, आईटीसी, डेलोइट, गोदरेज, अमेरिकन एक्सप्रेस, डब्ल्यूपीपी, एक्सेंचर सहित 30 से अधिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 400 कर्मचारियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में एनकोर कैपिटल ग्रुप के इशान धर ने पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि डेलॉइट की अमीषा चौहान ने महिला एकल वर्ग में जीत हासिल की।

### थीम वाले आउटफिट के विशेष पुरस्कार दिए गए

पुरुष युगल मुकाबले में, पीपीआर लिमिटेड के दिलीप मोहंती और नीलेशवर रमानी ने जीत हासिल की, और महिला युगल मुकाबले में, पीपीआर लिमिटेड की नाजनीन रहमान और ब्लिंकिट की अंकिता सांघवी विजेता रहीं। मिश्रित युगल मुकाबले में, पीपीआर लिमिटेड के दिलीप मोहंती और नाजनीन रहमान ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं सम्मान समारोह में एक्सिस बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी, अनूप मनोहर, एक्सिस बैंक के उत्तर-1 क्षेत्रीय शाखा बैंकिंग प्रमुख, समीर गर्ग, एक्सिस बैंक के गुरुग्राम मंडल प्रमुख, श्रीनीरज जैन और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, 3 लाख रुपए के लैपटॉप और रोहित गुप्ता- प्रमुख उपभोक्ता विपणन- एएमडी और जितेश भाटिया- अनुभव प्रमुख महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड द्वारा उत्कृष्ट रूप से तैयार किए गए हैम्पर्स से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ शॉट, सर्वश्रेष्ठ टीम भावना और सर्वश्रेष्ठ थीम वाले आउटफिट के लिए विशेष पुरस्कार दिए गए।

## खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री नागर ने निगम अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# ननि में शामिल हुए 24 गांवों में बनेंगे सामुदायिक भवन, कालोनियों में लगेंगी स्ट्रीट लाइटें: मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रदेश के खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने शुक्रवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की यह बैठक नगर निगम कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में की गई। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार ने विकास कार्य करवाने के लिए खजाने के मुंह खोल रखे हैं और विकास कार्यों के टेंडर हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निगम क्षेत्र विधानसभा में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करें और कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं लेकिन इसमें अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बैठक के बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को स्पीड मिलेगी और मानसून के मौसम में जल भराव से भी राहत मिलेगी। राज्य मंत्री राजेश नागर ने निर्देश दिए हैं कि सेक्टर 88 में एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई जानी है जिससे युवा बुजुर्गों को लाइब्रेरी का लाभ मिल सके। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि पल्ला और सेहतपुर से लगते एरिया की सभी टूटी हुई सड़कों को नए सिरे से बनाया जाए ताकि आमजन को आवागमन में आसानी हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि नगर निगम में शामिल 24 गांव के अंदर सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही कालोनियां में स्ट्रीट लाइट भी सभी जगह लगवाई जाए।

**खास बातें**

- नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा एवं अन्य अधिकारियों के साथ विकास को लेकर की गई समीक्षा बैठक
- पल्ला से सेहतपुर लगने वाली सभी सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण
- सेक्टर 88 में बनाई जाएगी लाइब्रेरी



### मोठूका कूड़ा निस्तारण प्लांट को लेकर भी मीटिंग में हुई चर्चा

मोठूका गांव में लगाए जाने वाले कूड़ा निस्तारण प्लांट को लेकर निगम कमिश्नर ने ग्रामीणों की भ्रांति दूर करने का दिया आश्वासन कहा पर्यावरण को हानि नहीं पहुंचने देंगे, नियम और शर्तों के अनुसार ही सरकार पर्यावरण के संतुलन को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी। बैठक में राज्य मंत्री राजेश नागर ने मोठूका गांव में बनाए जाने वाले चारकोल प्लांट के विरोध में आए ग्रामीणों से बात की और उनकी बात को सुनते हुए अधिकारियों से कूड़ा निस्तारण के प्लांट से संबंधित सभी नियम एवं शर्तों की एक प्रति देने के आदेश दिए और कहा की जनहित में जो उचित होगा वह किया जाएगा।

### इस मौके पर ननि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे

इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया, जॉइंट कमिश्नर, जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र जोशी सहित निगम इंजीनियरिंग विभाग, सफाई निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और तिगांव विधानसभा क्षेत्र के निगम पार्षद लाल मिश्रा, सरोज शीशराम अवाना, प्रदीप टोंगर, सुमन चंदेल आदि मौजूद रहे।

## महापौर व आयुक्त ने घटना स्थल का दौरा किया

# ननि के कार्यालय में लगी आग, मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम के नवयुग मार्केट स्थित कार्यालय गाजियाबाद में आग लग गई। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। उधर महापौर सुनीता दयाल व नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने घटना स्थल दौरा किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शुक्रवार को निगम के नवयुग मार्केट स्थित कार्यालय के बेसमेंट में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद एफएस कोतवाली से तत्काल एफएसओ के साथ 3 फायर टैंकर घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुए पहुंच कर देखा कि आग नगर निगम कार्यालय के बेसमेंट में बने मीटिंग हॉल में कंट्रोल यूनिट/इलेक्ट्रिक पैनल में लगी थी। जो इलेक्ट्रिक डक्ट के सहारे प्रथम तल तक पहुंच गई थी।

जिसको फायर सर्विस के कर्मचारियों द्वारा मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। घटित अग्निकांड में बेसमेंट में बने मीटिंग हॉल में 10 से 12 कुर्सियां एक एयर कंडीशनर एवं फॉल सीलिंग का नुकसान हुआ। घटना स्थल पर किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई बाद समाप्त आवश्यक कार्रवाई कर फ़ायर सर्विस यूनिट वापस एफएस कोतवाली पर उपस्थित हुए।

# कार के शीशे तोड़कर लैपटॉप समेत पैसों से भरा बैग ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एनआईटी-एक-दो के चौक के पास एक कपंनी मालिक की कार का शीशा तोड़कर 60 सेकेंड में कार से लैपटॉप सहित बैग को चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि बैग में 2.40 लाख रुपए की राशि भी रखी हुई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। थाना कोतवाली एनआईटी पुलिस के अनुसार जवाहर कालोनी निवासी नवीन उद्यमी हैं। इनकी सरूरपुर में फैक्ट्री है। गुरुवार की रात वह एक नंबर मार्केट में बिजली का सामान खरीदने के लिए आए थे। 1-2 चौक के पास एक निजी बैंक के एटीएम के सामने सड़क किनारे कार को खड़ी कर सामान लेने चले गए। नवीन ने पुलिस को बताया कि जब महज पांच मिनट बाद वापस आए तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ था और अंदर बैग में रखे करीब दो लाख 40 हजार रुपए की नकदी और लैपटॉप समेत अन्य जरूरी दस्तावेज गायब थे। जिस समय ये घटना हुई उस समय लोग आ-जा रहे थे। लेकिन चोरों ने पूरी प्लानिंग के साथ चोरी की इस घटना को


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **बलवन्त, पुत्रः** ठाकुर सिंह, **पताः** मकान न. बी. 68 डी., तिलक विहार, तिलक नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 1586/2014, U/s 325/34 IPC,** थानाः तिलक नगर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बलवन्त,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बलवन्त,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1586/2014, U/s 325/34 IPC,** थानाः तिलक नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **बलवन्त,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डा0 अनीजा बिश्नोई, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)
कमरा न. 289
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9767/WD/2025
(Court Matter)


## तीन हजार के करीब पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

# सीईटी परीक्षा के सफल आयोजन हेतु फरीदाबाद पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीईओ परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी, आपात सेवाओं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक एवं सुदृढ़ इंतजाम किए गए हैं। सभी ड्यूटियों के सुपरवाइजरी ऑफिसर अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय फरीदाबाद होंगे। साथ ही सभी जोन के पुलिस उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्र में ड्यूटियों के प्रभारी रहेंगे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले में कुल 126 स्थानों पर 163 परीक्षा केंद्रों पर सीईटी परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए 3000 के करीब पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा स्थल पर



एनजीओ-1, ओआरएस-1, महिला ओआरएस-2 व ट्रैफिक पुलिसकर्मी-2 तैनात किये गये हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक जोन मुख्यालय पर एक प्लाटून रिजर्व रहेगी। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों तथा टोल प्लाजा आदि स्थानों पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने आगे बताया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाटर केनन, वज्र वाहन, क्रेन, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस को सभी संवेदनशील ज़ोन में स्टैंड बाय रखा गया है।

परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी द्वारा चेकिंग व फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार के दोनों तरफ 200 मीटर की दूरी पर बैरिकडिंग की जाएगी तथा परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 बीएनएस लागू रहेगी।

परीक्षा केंद्रों पर आपत्तिजनक वस्तु, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, घड़ी, बेल्ट, पेन पेंसिल इरेजर, शार्पनर, करेक्टिंग फ्लूइड, अंगूठी, चेन, कान की बाली, नाक की पिन, चूड़ियां, कंगन, हार आदि प्रतिबंधित रहेंगे।

## निर्मित कालमों को भी ध्वस्त किया

# शालीमार गार्डन में अतिरिक्त तल का निर्माण जीडीए ने किया ध्वस्त

**गाजियाबाद।** जीडीए ने शुक्रवार को शालीमार गार्डन एक्स-01 में बिल्डर्स द्वारा किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माणों/अवैध कालोनियों पर रोकथाम हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में भूखण्ड सं0-270, शालीमार गार्डन एक्स-01 गाजियाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर अतिरिक्त तल पर निर्मित कालमों व दीवारों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा भूखण्ड सं-325 शालीमार गार्डन एक्स0-1 साहिबाबाद गाजियाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर अतिरिक्त तल पर निर्मित कालमों को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के समय प्रवर्तन प्रभारी जोन-08, सहायक अभियंता, अवर अभियन्तागण, समस्त सुपरवाईजर स्टॉफ, प्राधिकरण सुरक्षाकर्मी एवं संबंधित थाना-शालीमार गार्डन गाजियाबाद का पुलिस बल उपस्थित रहा।



# नशा बेचने के मामले में एक आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 350 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 24 जुलाई को अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुमित ओल्ड फरीदाबाद 350 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।

जिसके विरुद्ध थाना ओल्ड फरीदाबाद में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा को किसी अंजान व्यक्ति से 3500 रूपए में दिल्ली से लेकर आया था। जिसका पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड है और आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुभाष, पुत्रः नंदकिशोर, पताः 1) म.नं. बी3/253, सुल्तानपुरी, 2) म.नं. एच–28, कराला, आनंदपुर धाम, दिल्ली** ने **FIR No. 437/2017, dated 17.07.2017, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुभाष** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **सुभाष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 437/2017, dated 17.07.2017, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सुभाष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 18, मेन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9796/SW/2025


## एनसीआरटीसी ने भारतीय सशस्त्र बलों के कारगिल वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने न्यू अशोकनगर नमो भारत स्टेशन पर कारगिल विजय दिवस स्मारक ज़ोन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एनसीआरटीसी ने भारतीय सशस्त्र बलों के कारगिल वीरों को सम्मानित किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने शुक्रवार 25 जुलाई को न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर एक कारगिल विजय दिवस स्मारक ज़ोन का उद्घाटन किया। इस ज़ोन में विषम तापमान और दुर्गम पहाड़ियों के बीच भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक, कारगिल में लड़ने वाले वीरों और उनके शौर्य और पराक्रम को दर्शाया गया है। इस कार्यक्रम में कारगिल के शहीद, कैप्टन विजयंत थापर की माता श्रीमती तृप्ता थापर और पिता कर्नल वीएन



थापर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने बेटे के जीवन और सेना में उनके कार्यकाल से जुड़े कुछ किस्से सुनाए और उनके साहस और बलिदान के बारे में व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। कैप्टन विजयंत थापर ने कारगिल युद्ध में असाधारण शौर्य और साहस का परिचय दिया और देश के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दे दी। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया



युवाओं को कारगिल विजय दिवस के महत्व से अवगत कराने के लिए, छात्रों के बीच एक चित्रकला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया और चित्रों के माध्यम से देश के वीरों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। बच्चों द्वारा बनाई गई ये चित्रकलाएँ, कारगिल विजय दिवस ज़ोन के साथ, अगले कुछ दिनों के लिए स्टेशन पर जनता के लिए निःशुल्क प्रदर्शित रहेंगी। इसके अलावा, इस आयोजन के दौरान, प्रसिद्ध लेखक ऋषि राज ने एक कथा सत्र में कारगिल युद्ध में सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान की कहानी सुनाई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध और प्रेरित किया।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 18.07.2025 के तहत राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा जो 20.07.2025 को निर्धारित थी, को स्थगित कर दिया था। अब, आयोग ने राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 62/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 08.08.2025 पूर्वा. 10:00 से अप. 01:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 04.08.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 20.07.2025 के लिए निर्धारित परीक्षा हेतु डाउनलोड किए गए प्रवेश-पत्र अब वैध नहीं है।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 25.07.2025

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद-1156/13/339/2026/36984/88/7 दि. 25.07.25

## पेज एक का शेष

### राज्यसभा में नहीं, ...

में नहीं रखा गया था, इसलिए इसे रद्द करने का सवाल ही नहीं उठता। इसके पीछे का कारण सरकार और विपक्ष के बीच रणनीतिक मतभेद बताया जा रहा है। सरकार ने इस मामले में नेतृत्व लेने का फैसला किया और लोकसभा में एक नया महाभियोग प्रस्ताव पेश करने की योजना बनाई। सूत्रों का कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सख्त छवि को मजबूत करना चाहती थी, खासकर बिहार, पश्चिम बंगाल, और तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए। इस बीच, राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा विपक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के कदम ने सरकार को नाराज कर दिया, जिसके बाद धनखड़ ने 21 जुलाई को अचानक उपराष्ट्रपति पद से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए 145 सांसदों ने हस्ताक्षर किए, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), और शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) जैसे दलों के सांसद शामिल हैं। इस प्रस्ताव पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राहुल गांधी, सुप्रिया सुले, और रविशंकर प्रसाद जैसे प्रमुख नेताओं के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अब इस मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति गठित करेंगे, जिसमें एक सुप्रीम कोर्ट जज, एक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, और एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता शामिल होंगे। यह समिति जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की जांच करेगी और तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यदि समिति जस्टिस वर्मा को दोषी पाती है, तो संसद में इस रिपोर्ट पर चर्चा होगी और दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित होने पर राष्ट्रपति द्वारा उनकी बर्खास्तगी का आदेश जारी किया जा सकेगा। जस्टिस यशवंत वर्मा और नकदी विवादः जस्टिस यशवंत वर्मा, जो पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में कार्यरत थे, उस समय विवादों में घिर गए जब होली की रात (14 मार्च 2025) को उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना हुई। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड ने जब स्टोररूम का ताला तोड़ा, तो वहां करोड़ों रुपये की जली हुई नोटों की गड्डियां मिलीं। इस घटना ने पूरे देश में सनसनी फैला दी और जस्टिस वर्मा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक तीन सदस्यीय जांच समिति ने इस मामले की प्रारंभिक जांच की और पाया कि जस्टिस वर्मा और उनके परिवार का स्टोररूम पर प्रत्यक्ष या परोक्ष नियंत्रण था, जिसे गंभीर दुराचार माना गया। समिति ने उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की, जिसके बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस मामले को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा।

**महाभियोग प्रस्तावः राज्यसभा में क्यों नहीं हुआ स्वीकार? जाएगा :**

**जस्टिस वर्मा का पक्षः** जस्टिस वर्मा ने अपनी बेगुनाही का दावा किया है और सुप्रीम कोर्ट में जांच समिति की रिपोर्ट को चुनौती दी है। उन्होंने तर्क दिया कि समिति ने उनके द्वारा उठाए गए सवालों को नजरअंदाज किया और उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि न तो मुख्य न्यायाधीश और न ही सुप्रीम कोर्ट के पास उच्च न्यायालय के जजों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार है।

**महाभियोग की प्रक्रिया और इतिहासः** भारत में उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124(4), 217, और 218 के तहत प्रक्रिया निर्धारित है, जिसे जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

**इसके तहतः**

**प्रस्ताव की शुरुआतः** लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों या राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव पेश किया जाता है।

**जांच समितिः** यदि प्रस्ताव स्वीकार होता है, तो एक तीन सदस्यीय समिति गठित की जाती है, जो आरोपों की जांच करती है।

**संसदीय मंजूरीः** समिति की दोषी पाने की रिपोर्ट के बाद, दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित होना जरूरी है।

**राष्ट्रपति का आदेशः** अंत में, राष्ट्रपति जज को हटाने का आदेश जारी करते हैं। स्वतंत्र भारत में अब तक छह बार जजों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन कोई भी सफल नहीं हुआ। जस्टिस सौमित्र सेन (2011) के मामले में राज्यसभा ने महाभियोग प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन उन्होंने लोकसभा में चर्चा से पहले इस्तीफा दे दिया।

**निष्कर्षः** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का मामला न्यायपालिका की स्वतंत्रता, जवाबदेही, और कार्यपालिका के हस्तक्षेप जैसे मुद्दों पर गहरी बहस को जन्म दे रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच इस मामले में एकजुटता दिखाई दे रही है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख को दर्शाता है। हालांकि, यह प्रक्रिया कितनी प्रभावी होगी और क्या जस्टिस वर्मा को हटाया जाएगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। फिलहाल, सभी की नजरें लोकसभा में गठित होने वाली जांच समिति और उसकी रिपोर्ट पर टिकी हैं।

### ब्रिटेन के बाद अब...

(व्यापार, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर) पर विस्तार से चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। ज्ञात हो कि पीएम मोदी अपने चार दिवसीय दौरे के पहले पड़ाव ब्रिटेन की यात्रा संपन्न कर 25 जुलाई को मालदीव पहुंचे। 26 जुलाई को उनकी इस यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा और वह स्वदेश लौट जाएंगे। दोनों देश पड़ोसी नहीं, सहयात्री हैं : उन्होंने भारत-मालदीव संबंधों की जड़ों के बारे में बताते हुए कहा कि ये इतिहास से भी पुरानी और समुद्र के समान गहरी हैं। आज जारी किया गया डाक टिकट दर्शाता है कि हम केवल पड़ोसी नहीं हैं बल्कि सहयात्री भी हैं। भारत के सहयोग से बनाए गए चार हजार सोशल हाउसिंग यूनिट्स मालदीव में कई परिवारों के लिए नया आशियाना बनेंगे। ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट, अड्डू रोड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट और पुनः विकसित किए जा रहे हनिमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ये पूरा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट व आर्थिक केंद्र बनकर उभरेगा। जल्द ही फेरी सिस्टम की शुरुआत से अलग-अलग द्वीपों के बीच आवागमन और आसान होगा। जिसके बाद द्वीपों के बीच की दूरी जीपीएस से नहीं फेरी टाइम से मापी जाएगी। पीएम ने भारत की मदद से माले में बनाई गई रक्षा मंत्रालय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया, हुलहुमले में 3,300 हाउसिंग यूनिट्स सौंपी, अड्डू में रोड एंड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया, सैन्य बलों को 72 वाहन व अन्य उपकरण सौंपे।

### आईओआर में शांति ...

सुरक्षा को मजबूत बनाएंगे। जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौती को लेकर भारत, मालदीव ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र में भारत अपना अनुभव मालदीव के साथ बांटने के लिए तैयार है।

### अब पूरे देश में होगा...

योग्यता, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और तरीके की जानकारी दी गई है।

### 'सबसे लंबे समय' ...

के मुख्यमंत्री बने और 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने से पहले तक इस पद पर बने रहे।

### केन्द्रीय गृहमंत्री शाह...

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है। मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि सीईटी परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को लाखों की संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा पुलिस में शीघ्र ही कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए भी अधिकारियों को सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। नायब ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 वर्षों से गरीबों, किसानों, गांवों और शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रहे हैं, जिससे देश के हर नागरिक का जीवन सरल, सुगम और सशक्त बन रहा है। उन्होंने कहा कि देश में हो रहा तेज विकास विपक्ष को हजम नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने बिहार दौरे के दौरान एक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बिहार प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक-एक पंचायत में 700 से 900 तक मकान बनाकर गरीबों को प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, देशभर में गरीब परिवारों को हर माह राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की स्थिति को बदतर बना दिया था , जिसके कारण वहाँ की जनता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यमुना नदी की स्वच्छता सहित कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर समन्वित रूप से कार्य कर रही है।

### डीआरडीओ ने ...

टेक्नोलॉजीज (बेंगलुरु) ने विकसित किया है। जबकि परीक्षण में प्रयोग की गई मिसाइल को डीआरडीओ की कुछ प्रयोगशालाओं ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। जिनमें अनुसंधान केंद्र इमारत, टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला, उच्च-ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, एकीकृत परीक्षण रेंज और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला शामिल है।

**राजनाथ ने बढ़ाया वैज्ञानिकों का हौसला** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में इस परीक्षण में शामिल डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों, रक्षा उत्पादन कंपनियों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सफलता साबित करती है कि अब भारत के उद्योग महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनका उत्पादन करने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल सभी भागीदारों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के हथियार का विकास समय की मांग है।

### दिन-रात हमला ...

आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने के लिए विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच के साथ होमोजीनियस आर्मर से लैस एंटी आर्मर, बंकर रोधी एप्लिकेशन के साथ पेनेट्रेशन कम ब्लास्ट वॉरहेड और उच्च घातकता वाले प्री-फ्रेगमेंटेशन वॉरहेड शामिल हैं।

## योगी आदित्यनाथ सरकार बाढ़ को लेकर गंभीर

# प्रभावितों को राहत सहायता पहुंचाने 55 करोड़ मंजूर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राहत व बचाव कार्य तेज करने और आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राहत विभाग के साथ राजस्व विभाग को भी तत्काल एक्शन में आने को कहा है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों को राहत सहायता के लिए 55 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं

**खास**

- सीएम योगी की संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए तैयारी पुख्ता
- प्रशासनिक अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

देश के पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा और प्रयागाराज में गंगा-यमुना दोनों नदियां खतरे के निशान तक पहुंची हैं। जिससे नदियों के आसपास के इलाके डूब गए हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए तैयारी पुख्ता कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावितों जिलों में राहत सहायता के रूप में 55 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने के साथ ही जिलों में एसडीआरएफ को सतर्क रहने के भी निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर एनडीआरएफ की टीमों को भी हाई अलर्ट के निर्देश हैं।

**नदियों का जलस्तर खतरे के निशान या फिर उससे ऊपर**



यूपी में कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदियों का जलस्तर खतरे के निशान या फिर ऊपर पहुंच चुका है। कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार करता जा रहा है, जबकि निचली इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सीएम योगी ने राहत व बचाव कार्य तेज करने, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, राहत विभाग के साथ राजस्व विभाग को तत्काल एक्शन में आने को कहा है। उन्होंने आपदा जैसी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को राहत व बचाव कार्यों को मजबूत करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

**कई जिलों को 2-2 करोड़, कुछ के लिए 1 करोड़ व 50-50 लाख**

*सीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग ने राज्य आपदाओं के अंतर्गत बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सहायता के लिए 55 करोड़ मंजूर किए हैं। इसमें अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, देवरिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, कासगंज, महराजगंज, मऊ, संत कबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं सीतापुर को दो-दो करोड़ जारी किए जाएंगे। साथ ही बंदायू, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, प्रयागराज, लखीमपुरखीरी, मीरजापुर, शाहजहांपुर, उन्नाव तथा वाराणसी के लिए एक-एक करोड़ जारी होंगे। अलीगढ़, बांदा, बरेली, चंदौली, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, कन्नौज, कौशांबी, कुशीनगर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ व रायबरेली के लिए 50-50 लाख मंजूर किए गए हैं।*

**पुलिस ने दबोचा**

## बंगाल पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को बता रहा था सीओ



डॉ.कमल कान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

केशीघाट क्षेत्र वृंदावन में शुक्रवार को पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है जो पश्चिम बंगाल पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को सीओ बताकर लोगों पर रौब झाड़ कर अवैध वसूली कर रहा था। आरोपी पहले भी इसी तरह की हरकतों में जेल जा चुका है। इस बार वह वर्दी पहनकर शराब के ठेके और ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली कर रहा था। इस फर्जी अधिकारी की पहचान सिद्धार्थ चक्रवर्ती निवासी चंदन नगर, हुगली, बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से सीबीआई का फर्जी पहचान पत्र भी बरामद किया है। रंगजी चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उससे पूछताछ की। पुलिस उसे कोतवाली लेकर पहुंची, जहां सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह 5 जुलाई को मथुरा आया और 16 जुलाई से वृंदावन में गेस्ट हाउस में ठहरकर उगाही के लिए स्थान चिन्हित कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।







# वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style

# किआरा
## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई



किआरा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की किआरा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो किआरा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने किआरा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ किआरा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं किआरा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि किआरा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में किआरा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक किआरा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



# हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



# इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



# भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

# टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

# तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

# रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी :** *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय :** सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।

**कमजोरी :** कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

## कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

## 30 जुलाई तक जारी रहेगा मध्य प्रदेश पुलिस का जागरुकता अभियान

# मुख्यमंत्री ने 'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान के संकल्प पत्र पर किए हस्ताक्षर, कहा-यह समाज, पुलिस का सशक्त प्रयास

## मादक पदार्थों की लत से युवाओं बचाएगा अभियान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'नशे से दूरी है जरूरी' केवल एक अभियान नहीं, मादक पदार्थों की लत से युवाओं को बचाने की दिशा में समाज और पुलिस की सहभागिता का सशक्त प्रयास है।

डॉ. यादव ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित वृहद जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी-है जरूरी' के अंतर्गत भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस मुख्यालय के नारकोटिक्स विंग द्वारा संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है।



### जागरुकता, संवाद, सहयोग और सुरक्षा है मूलमंत्र

नशे के विरुद्ध समुदाय आधारित जन-जागरुकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर-सरकारी संगठन, धर्माचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, सभी समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस गली-गली में जाकर आम जनता से संवाद कर रही है कि कैसे वे नशे से मुक्त रहें और युवा पीढ़ी नशे से दूरी बनाकर अपना भविष्य सुरक्षित करे। यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल माध्यमों के जरिए जन-जागृति फैलाने में सहायक सिद्ध होगा। जागरूकता, संवाद, सहयोग और सुरक्षा अभियान का मूलमंत्र है।

### यह अधिकारी शामिल हुए

*कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव वन मध्य प्रदेश शासन एवं अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम पुलिस उपायुक्त जोन-1 शशांक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1 रश्मि अग्रवाल दुबे, सहायक पुलिस आयुक्त अंकिता खातरकर, थाना प्रभारी कमला नगर निरीक्षक निरूपा पांडेय, उनि संजय वर्मा सहित थाना कमला नगर पुलिस स्टाफ के साथ अन्य पुलिस कर्मी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।*

### नौ सेना अध्यक्ष त्रिपाठी बोले, 'नशे से दूरी, है जरूरी' ये केवल संदेश नहीं, हमारी सबसे अहम जिम्मेदारी



*भारतीय नौ सेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी, है जरूरी' को लेकर संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक, शिक्षक और युवा से अपील है कि 'नशे से दूरी, है जरूरी' ये केवल संदेश नहीं, बढ़ते भारत की सबसे अहम जिम्मेदारी है। भारतीय नौसेना की नींव है अनुशासन, संकल्प और मानसिक दृढ़ता। नशा इन मूल्यों के ठीक विपरीत है। सागर में जहाज राष्ट्र की सीमाएं अक्षुण्ण रखते हैं, तो ऊर्जा के सागर में युवा राष्ट्र का भविष्य, पर जब युवा नशे की गिरफ्त में आता है तो देश की बुनियाद ही डगमगाने लगती है। आइए, नशे के विरुद्ध बिगुल फूंक कर हम खुद को, अपने परिवार को और भारत को इस आंतरिक खतरे से सुरक्षित करें।*

---

## खबर संक्षेप

### बकाया बिल नहीं भरने पर 10 उपभोक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा शस्त्र लाइसेंस निलंबन का नोटिस देने के बाद भी बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले 10 उपभोक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शस्त्र संबंधित थाने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दतिया स्वप्निल वानखड़े ने कमल सिंह, प्रभुदयाल, कुलदीप शुक्ला, हुकुम सिंह, श्री निवास, संतोष कुमार, प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह और उत्तम सिंह के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए हैं।

### शैक्षणिक प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम 'नवदीक्षा 2025' का शुभारंभ

**रायपुर।** अदाणी विवि ने अपने शैक्षणिक इंडक्शन प्रोग्राम 'नवदीक्षा 2025' की शुरुआत की, जिसमें नए छात्रों का स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के विचारकों ने शिरकत की, जिनमें मशहूर मैनेजमेंट कंसल्टेंट और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र डॉ. राम चरण और चीफ ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिसर सुदीप्त भट्टाचार्य भी शामिल रहे। कार्यक्रम में बीजिंग से एनबीडीएस के सीईओ जैन्सन वोंग की वैश्विक सलाह का ज़िक्र करते हुए प्रो. सुनील झा ने छात्रों से कहा कि सिर्फ कोडिंग तक सीमित न रहें, असल दुनिया की कार्यप्रणाली को समझें। उन्होंने कहा, जब एआई रोबोटिक्स और ऑटोमेशन से जुड़ रहा है तो भौतिक नियमों की समझ ही असली सफलता तय करेगी।

---

### रीवा में आज और कल होगा आयोजन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव रीवा में 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' का आज करेंगे शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शनिवार को शुभारंभ करेंगे।

प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ाने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के अलावा अभिनेता मुकेश तिवारी और पंचायत वेब सीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ग्वालियर, इंदौर में होंगे अगले टूरिज्म कॉन्क्लेव

*प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में आतिथ्य क्षेत्र के निवेशकों को सम्मानित भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा अक्टूबर में भोपाल में होने वाले मध्यप्रदेश ट्रेवल मार्ट की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में ग्वालियर में अगस्त एवं इंदौर में सितंबर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। रीवा के टूरिज्म कॉन्क्लेव में आईआरसीटीसी पोर्टल पर पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा बुकिंग पोर्टल का शुभारंभ होम स्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल का लोकार्पण मेक माय ट्रिप के साथ एमओयू चित्रकूट घाट में 'स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस' परियोजना की आधारशिला का वर्चुअल शिलान्यास होगा।*

### निवेश की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा

कॉन्क्लेव में ट्रेवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और टूरिज़्म स्टेक होल्डर्स के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह सत्र क्षेत्रीय पर्यटन के विकास के लिए बल्कि राष्ट्रीय पर्यटन समृद्धि के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, हॉस्पिटिलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति भी होगी। कॉन्क्लेव के समापन अवसर पर चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियराइज़ेशन टूर का आयोजन किया जाएगा।

---

### सीएम ने उद्योगपतियों से किया संवाद, बांटे भूमि आवंटन आशय-पत्र

# अचारपुरा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 6 औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को पलायन की आवश्यकता नहीं है, नए उद्योग शुरू होने से प्रदश में तेजी से समृद्धि आएगी। युवाओं को रोजगारपरक उद्योगों में प्रोत्साहन देते हुए 5 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। प्रदेश को औद्योगिक और रोजगार संपन्न राज्य बनाएंगे और यह देश का नंबर एक राज्य होगा।

डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के निकट अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में 416 करोड़ रुपए निवेश वाली 6 नवीन औद्योगिक इकाईयों के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अचारपुरा विशेष औद्योगिक केन्द्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र एक्सटेंशन फेज-3 (ग्राम हज्जामपुर) का शिलान्यास भी किया, जो 31.21 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। डॉ. यादव ने कहा कि अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आज हर पीढ़ी के उद्यमी हैं। जहां गोकलदास एक्सपोर्टस प्रालि के प्रभात सिंह उपस्थित हैं, वहीं सिनाई हेल्थकेयर के युवा आदित्य शर्मा और एसेड्स प्राइवेट लिमिडेट के रौनक चौधरी भी।

**खास बातें**

- अचारपुरा विशेष औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेगा : सीएम
- प्रारंभ होगी पुलिस चौकी, महिला अधिकारी भी होंगी पदस्थ




### उत्पादों को तैयार कर विश्व में पहुंचा रही प्रतिभाएं: डॉ. मोहन

सीएम ने कहा कि खुशी का विषय है कि अचारपुरा की फैक्ट्रियों में ऐसी जैकेट बनाई जा रही हैं, जो अमेरिका और अन्य देशों में निर्यात होती हैं। मध्यप्रदेश की प्रतिभाएं इन उत्पादों को तैयार कर विश्व में पहुंचा रही हैं। चीन जैसा देश हमारे कॉटन को बेच रहा है। मध्यप्रदेश की कपास की गुणवत्ता विश्व विख्यात है। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपतियों की पूंजी और युवाओं का परिश्रम मिलकर अच्छा परिणाम देता है। राज्य सरकार ने देश के अलग-अलग शहरों में उद्योगों की स्थापना के लिए रोड शो आयोजित कर निवेशकों को आकर्षित किया है। राज्य सरकार भारत ही नहीं यूके, दुबई, स्पेन, जर्मनी, जापान सहित अनेक देशों से निवेश लेकर आई हैं।

### काम करने वाली बहनों से मुख्यमंत्री ने की बातचीत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नए उद्योगों के भूमि-पूजन के साथ-साथ युवा उद्यमियों को भूमि-आवंटन के आशय पत्र भी बांटे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अचारपुरा में पुलिस चौकी काम करना शुरू कर देगी। डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित आईजी (पुलिस) को इस चौकी पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोकलदास गारमेंट इकाई का भ्रमण किया। उन्होंने यहां कार्य करने वाली बहनों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया।

### ढाई हजार बहनों को और मिलेगा रोजगार



*गोकुलदास एक्सपोर्ट्स के डायरेक्टर प्रभात सिंह ने बताया कि कंपनी देशभर में 36 इकाइयां संचालित कर रही है, जिनमें से एक कीनिया में भी स्थित है। वर्तमान में उनकी इकाई में 2500 महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि अचारपुरा क्षेत्र में एक और इकाई स्थापित करने जा रहे हैं, जहां लगभग 2500 बहनों को और रोजगार मिलेगा।*

### सभी अनुमतियों का तुरंत मिल जाना सराहनीय

*सिनाई हेल्थ केयर के डायरेक्टर आदित्य शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश में निवेश का सकारात्मक वातावरण बना है। उन्होंने भूमि आवंटन से लेकर सभी अनुमतियों के मिलने की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बताया और मुख्यमंत्री एवं उनकी टीम को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अचारपुरा में 120 करोड़ रुपए के निवेश से सिनाई हेल्थ केयर इंडस्ट्री स्थापित की जाएगी। यहां के उत्पाद को न केवल भारत, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी निर्यात किया जाएगा। डायरेक्टर एसेडस प्रालि रौनक चौधरी ने बताया कि उन्होंने औद्योगिक इकाई गुरुग्राम में रजिस्टर की थी, और देश में भ्रमण के बाद सर्वश्रेष्ठ जगह अचारपुरा भोपाल में स्थापित की। अचारपुरा के नजदीक में राजा भोज एयरपोर्ट है एवं बेहतर सड़कें हैं जिससे यह आदर्श औद्योगिक क्षेत्र बनता है।*

---

### एक ही परिवार के नौ लोग बहे, आठ बच गए, एक मासूम की तलाश जारी

## शक्ति दाई मंदिर से लौट रहे परिवार के साथ दुखद हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के सीपत थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में कार सवार लोग कार सहित नाले में बह गये। 9 लोगों में से आठ लोग बच गए वहीं एक छोटा बच्चा कार सहित पानी में बह गया जिसका एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी हुई है।



दरअसल सिपत थाना क्षेत्र की घटना है। हरेली पर्व पर माता शक्ति दाई मंदिर उच्चभट्ठी से दर्शन कर लौट रहे परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पडा। ग्राम खम्हरिया के रहने वाले मोहनलाल साहू उम्र 29 वर्ष अपनी पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों समेत कुल 9 लोगों के साथ वेगनआर कार से ग्राम उच्चभट्ठी स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान झलमला गांव के तुंगन नाला पुल पर करीब 3 फीट पानी बह रहा था। कार मोहन चला रहा था। पुल पार करते वक्त कार पानी के तेज बहाव में करीब 60 फीट दूर बह गई। कार में चार बड़े और पांच बच्चे सवार थे। हादसे में सभी लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए और चार बच्चों को बचा लिया गया। मगर मोहनलाल का तीन साल का बेटा तेजस मां का हाथ छूटते ही कार समेत पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही सीपत टीआई गोपाल सतपथी पुलिस टीम और डायल 112 के साथ मौके पर पहुंचे। वही रात के अंधेरे में तलाश करना भारी मुश्किल हो,रहा था रहा था फिर भी पुलिस और ग्रामीण युवाओं ने मशाल की रोशनी में नाले में उतरकर बच्चे और कार को खोजा, लेकिन कोई पता नही चल पाया। अगली सुबह एसडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन शुरू कर तलाश में फिर जुट गई है। फिलहाल सीपत पुलिस ने अनुमान जताया है कि कार और मासूम झलमला-सेलर एनीकट के पास, पुल से करीब 800 मीटर दूर मिल सकते हैं।

---

### सड़क से नीचे उतारी बस, चालक-परिचालक फरार

## बाल-बाल बचे यात्री, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बड़ा हादसा होने से टल गया। जगदलपुर से रायपुर के लिए निकली यात्री बस के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे बस सड़क से नीचे उतर गई। इस घटना में यात्रियों को किसी भी प्रकार से कोई चोट नहीं आई।

लेकिन घटना के बाद से चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद यात्री अपने सामानों को लेकर मुख्य मार्ग पर आ गए। मामले की जानकारी देते हुए यात्रियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 30 के लगभग यात्रियों को लेकर बस सुबह रायपुर के लिए रवाना हुई।




करीब 7 बजे के लगभग जैसे ही बस बस्तर के आगे बालेंगा के पास पहुंची कि बस चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और स्कूल के पास सड़क से नीचे बस को उतार दिया। जब तक यात्री कुछ समझ पाते तब तक चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। वहीं इस बस में सवार यात्रियों को किसी भी प्रकार से कोई भी हानि नहीं हुई।

---

### सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाना था उद्देश्य

## टिफिन बम के साथ चार सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के अतिसंवेदनशील थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नक्सली जगरगुण्डा एरिया कमेटी से जुड़े हुए हैं और बीते 29 जून को कैम्प बेदरे के पास आईईडी लगाने की साजिश में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों की पहचान तामु जोगा, पुनेम बुधरा, मड़कम भीमा और मिडियम आयतु के रूप में हुई है। सभी की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच है और ये ग्राम बोड़नगुड़ा, बेदरे क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से एक टिफिन बम भी बरामद किया गया है,



जो सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से रखा गया था। पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने 23 जुलाई को ग्राम बोड़नगुड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया। अभियान के दौरान घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ा गया, जो पहले से जगरगुण्डा थाने में दर्ज गंभीर मामलों में फरार चल रहे थे। उनके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूएपीए की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज है।

---

### कांग्रेस ने तैयार किया आंतरिक और रणनीतिक दस्तावेज़

## कांग्रेस विधायकों के समूहों ने किया जनहित के मुद्दों पर गहन मंथन, बनाई रणनीति

विश्लेषण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस विधायक दल द्वारा मांडू में आयोजित दो दिवसीय नव संकल्प शिविर में कांग्रेस ने भाजपा सरकार से मुकाबले के लिए भविष्य की रणनीति पर विमर्श किया। शिविर में 10-10 कांग्रेस विधायकों को 6 समूहों में बांटा गया और हर समूह ने प्रमुख जनहित मुद्दों पर गहन मंथन किया। शिविर में तय किया गया कि कांग्रेस प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवाद स्थापित करने की रणनीति पर आगे बढ़ेगी।



किसान, मजदूर, युवा, महिला, दलित और आदिवासी सहित हर शोषित और वंचित के अधिकार की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी। शिविर के दौरान प्रदेश कांग्रेस ने एक आंतरिक और रणनीतिक दस्तावेज़ तैयार किया है, जो आने वाले समय में पार्टी की राजनीतिक रणनीतियों, जनसंपर्क अभियानों और सांगठनिक विस्तार का आधार बनेगा।

**1** ज्यादा से ज्यादा लोगों से संवाद कर आगे बढ़ने की योजना

**2** पूरी ताकत से लड़ेगी शोषित और वंचितों के हक की लड़ाई

### विधायकों के समूह ने की इन मुद्दों पर चर्चा

शिविर में विधायकों के 6 समूहों ने जिन ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श किया, उनमें जातिगत जनगणना, 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण, वन अधिकार कानून, पेसा एक्ट और जनजातीय अधिकार, संगठन सृजन अभियान और कांग्रेस का जमीनी विस्तार, स्वयंसेवी-सामाजिक संगठन और सहकारी संस्थाएं तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस रणनीति शामिल रहे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हमने लड़ने और जीतने का मन बनाया है। इस शिविर से विधायकों में नई ऊर्जा और स्पष्ट रणनीति उभरी है। यह कांग्रेस के वैचारिक नवचिंतन की शुरुआत है, जिसे प्रदेशभर में संवाद और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

### हमने भाजपा की तरह हनीमून नहीं मनाया

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भाजपा के पचमढ़ी शिविर पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि हमने उनकी तरह हनीमून नहीं मनाया बल्कि मांडू में संकल्प लिया है। उन्होंने हा कि भाजपा डर रही है कि विधानसभा के सत्र में कांग्रेस उनके भ्रष्टाचार, विफल योजनाओं और जनविरोधी फैसलों की परतें खोलेगी, हम यह ज़रूर करेंगे। लेकिन नव संकल्प शिविर का उद्देश्य इससे कहीं बड़ा और दीर्घकालिक है। यह शिविर एक वैचारिक और सांगठनिक तैयारी है, जो भाजपा की जड़ें प्रदेश में हिला देने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि कार्पोरेट शोषण और आदिवासी विस्थापन के साथ ही वन अधिकार, कानून और पेसा एक्ट के समस्त प्रावधानों को वास्तविक रूप में लागू करने का हमने इस नव संकल्प शिविर में संकल्प लिया है।

### कांग्रेस ने किया प्रदेश में बदलाव का वादा

*नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने बताया कि कांग्रेस ने मांडू की ऐतिहासिक धरती से मध्यप्रदेश की तक़दीर बदलने का संकल्प लिया है। नव संकल्प शिविर ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि कांग्रेस केवल अतीत पर विचार नहीं कर रही, बल्कि भविष्य की ठोस रूपरेखा बना रही है। सिंघार ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ़ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। किसानों को आय का अधिकार, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने, युवाओं को रोज़गार और स्टार्टअप्स के लिए समर्थन, दलितों-आदिवासियों और वंचित वर्गों को उनका अधिकार के साथ महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बदलाव के लिए संघर्ष किया जाएगा।*

### शिविर में लिया हर वर्ग को साथ लाने और संघर्ष का संकल्प

*शिविर के निर्णयों के बारे में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने बताया कि हमने समाज के हर वर्ग युवा, किसान, मजदूर, एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, सामाजिक संस्थाओं को भी अपने साथ लाने का नव संकल्प इस शिविर में लिया है। व्यापक चर्चाओं में पार्टी के संगठन सृजन अभियान को भी नव संकल्प में शामिल किया गया है।*

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | विवरण | एन आई टी 17, 19 & 27-2025-26-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम और उसका स्थान | 17) सहायक मंडल अभियंता/निजामुद्दीन के खंड में सीस सफाई, जंगल सफाई और उथली स्क्रीनिंग का कार्य। |
| | | 19) सहायक मंडल अभियंता/निजामुद्दीन के अंतर्गत एसएसई/पी.वे./एचएनजेडएम के अनुभाग में ग्लूड जॉइंट एवं स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का प्रतिस्थापन का कार्य। समान कार्य की प्रकृति : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य |
| | | 27) वरिष्ठ मंडल अभियंता पंचम/नई दिल्ली के अनुभाग के लिए विविध पीवे सामग्री के नेतृत्व का कार्य। समान कार्य की प्रकृति : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | 17) Rs. 3999583.33 19) Rs. 5499700.23 27) Rs. 7999171.50 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 17) Rs. 80000.00 19) Rs. 110000.00 27) Rs. 160000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 17) 09 महीने 19) 09 महीने 27) 09 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 18.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा 18.08.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलबध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/ NIT-17, 19 & 27-2025-26 Date 24.07.2025

2259/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालत में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं? कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं हैं, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं हैं, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्राफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता



हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बबड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कारगिल युद्ध विशेष


डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान


# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज़ मुशर्रफ कर रहे थे।


भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

भारत की जीत को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य, और अद्वितीय साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है। कारगिल युद्ध भारत की सीमाओं की रक्षा में नतमस्तक हो जाने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा है यह इतिहास का हिस्सा नहीं, भारत की आत्मा का हिस्सा है।

(लेखक द्वय जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के शैक्षणिक प्रमुख तथा सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करे



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल

स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।



-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### कानून मंत्री का बयान सही

देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।



-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### इलेक्शन चोरी

हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।



-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### व्यापार समझौता

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।



-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है। इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, ''आज सबसे जरूरी बात यह है कि गाजा में युद्ध रुके और आम नागरिकों की जान बचे।'' गाजा में युद्ध और मानवीय संकट बढ़ने के कारण अधिकतर देशों के कई सांकेतिक कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने वाले रहे हैं। फ्रांस अब फलस्तीन को मान्यता देने वाली सबसे बड़ी पश्चिमी शक्ति बन गया है और उसका यह कदम अन्य देशों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्ष 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी कब्जा किए गए इन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?

द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया: क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं। आज की बात करें तो, एक और भी परिवर्तनकारी तकनीकी बदलाव हो रहा है। चैटजीपीटी जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) जनित सामग्री के सामने आने के साथ, इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल स्मृति का ही आउटसोर्सिंग नहीं कर रहे हैं – बल्कि वे सोच का भी आउटसोर्सिंग कर रहे हैं। एआई जनित सामग्री तैयार करने वाले सॉफ्टवेयर केवल जानकारी प्रेषित नहीं करते बल्कि उसे सृजित भी कर सकते हैं, उसका विश्लेषण भी कर सकते हैं और उसका सारांश भी तैयार कर सकते हैं। यह एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राज्यसभा: विपक्षी हंगामे के बीच एक न चली, दिनभर के लिए हुआ स्थगन

**बिहार मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान पर विपक्ष ने काटा हंगामा**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को भी सोमवार जैसा रहा। विपक्षी दलों ने हंगामा काटा। बिहार मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान पर सरकार से जवाब मांगते रहे। नारेबाजी करते रहे। भारी शोरगुल में सदन तब तक डूबा रहा जब तक कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित नहीं कर दी गई। पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए राज्यसभा की कार्यवाही का स्थगन हुआ, दोबारा 12 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो बमुश्किल 5 मिनट में ही उपसभापति घनश्याम तिवाडी ने सदन की कार्यवाही पूरे दिन की लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उपसभापति नव-निर्वाचित सांसद मशहूर सिने स्टार कमल हसन को संसद सदस्यता की शपथ दिलाई। उनके साथ ही डीएमके की वरिष्ठ नेता राजाथी, एसआर शिवलिंगम ने भी बतौर नये सांसद शपथ लिया। देश के जानेमाने वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन को डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने फिर से राज्यसभा भेजा है उनका कार्यकाल कल, गुरूवार का ही समाप्त हुआ था। उन्होंने भी फिर से राज्यसभा की सदस्यता के लिए शपथ ग्रहण किया। सभी सांसदों का कार्यकाल आगामी छह सालों के लिए होगा।

शुक्रवार प्राइवेट मेंमबर्स बिल का दिन होता है। सरकारी कामकाज का राज्यसभा में अपेक्षाकृत दबाव कम होता है। प्राइवेट बिल के रूप में विभिन्न दलों के 64 सांसदों ने निजी विधेयकों के लिए लिखित अर्जी विषय सहित कलमबद्ध कराई हुई थी लेकिन जनहित के पांच दर्जन से ज्यादा विषयों में से एक विषय पर भी चर्चा नहीं हो सकी। लोकहित के विषय विपक्षी हंगामें की भेंट चढ़ गये।

उपसभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही शुरू करने के बाद नव-निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाया। विभिन्न संसदीय विषयों पर सरकारी काम के संबंधों में सांसदों से वक्तव्य पटल पर रखवाये उसके बाद उन्होंने सदन के सदस्यों को नियम 236 के बारे में याद दिलाते हुए इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि कोई भी सदस्य केवल अपनी सीट से ही आसंदी की तरफ अपनी बात रखेगा। आसंदी के बुलाने पर अगर कोई सदस्य बोल रहे हों तो उन्हें दूसरे सदस्य किसी भी स्थिति में डिस्टर्ब न किया जाए। ऐसा करना अनुशासन की परिधि में आता है। ऐसे करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

दरअसल, कल गुरूवार को जब डीएमके के मोहम्मद अब्दुल्ला बोल रहे थे तो उनके माइक का उपयोग कर तृणमूल सांसद डोला सेन लगातार नारेबाजी कर रही थीं इस पर भाजपा के वरिष्ठ सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने नियमों के तहत अपनी आपत्ति दर्ज करायी थी। उसी की प्रतिक्रिया में आसंदी से आज उपसभापति ने सदन में ये व्यवस्था दी।

### सभी प्रस्तावों को किया खारिज


उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें 27 विपक्षी सांसदों की ओर से नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव मिला है लेकिन सभापति द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय के आलोक में एक भी प्रस्ताव उचित नहीं इसीलिए सभी प्रस्तावों को खारिज किया जाता है, उनके इतना कहते ही विपक्षी दल के सांसदों ने वेल में डेरा जमा लिया। जबरदस्त हंगामा, नारेबाजी शुरू हो गई। उपसभापति ने विपक्षी सांसदों का मूड भांपते हुए 11 बजकर 18 मिनट पर ही सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन दोबारा 12 बजे असेंबल हुई तो आसंदी पर थे उपसभापति घनश्याम तिवाड़ी। उन्होंने विपक्षी सांसदों के भारी हंगामें के बीच शून्यकाल में जनहित के मसलों को रखने के लिए सांसदों का नाम पुकारा। इस बीच कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी विपक्षी सांसदों से अपील किया कि आज किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होनी है सभी शांत होकर भाग लें लेकिन हंगामें, नारेबाजी के बीच उनका सुझाव भी दब गया। इस बीच दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर ही उपसभापति घनश्याम तिवाडी ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

**ओडिशा के वन अधिकारी के घर छापा**

# आवास ने उगले 1.44 करोड़ नकद डेढ़ किलो सोना- चांदी और बिस्कुट

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने ओडिशा के वन विभाग के अधिकारी रामचंद्र नेपक के आवास से 1.44 करोड़ नकद और 1.5 किलोग्राम सोना बरामद किया। यह अफसर कोरापुट जिले में उप रेंजर के रूप में कार्यरत है। सतर्कता विभाग ने जेपोर वन रेंज के उप रेंजर-सह-प्रभारी रेंजर राम चंद्र नेपक के 6 ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह तलाशी अभियान उनके आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप के आधार पर चलाया गया।



**गुप्त तिजोरी में छिपाई थी रकम और सोना और चांदी**

नेपक के खिलाफ छापेमारी के तहत उनके जेपोर टाउन के गोल्डन हाइट रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट में एक गुप्त तिजोरी में छिपाए गए लगभग 1.4 करोड़ बरामद हुए हैं। इसमें 1.5 किलोग्राम सोना, 4.63 किलोग्राम चांदी, सोने के चार बिस्कुट, सोने के 16 सिक्के और दो उच्च कीमत के भूखंड भी हैं।

## खबर संक्षेप

### आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन नहीं होगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों के परिसीमन की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद के तहत 2026 के बाद की जनगणना तक परिसीमन की अनुमति नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी की है।

### त्रिपुरा में जल्द खुलेंगे 6 एकलव्य मॉडल स्कूल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए 21 एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी है, जिनमें से 6 बहुत जल्द खुलने वाले हैं और शेष विद्यालय अगले वर्ष तक तैयार हो जाएंगे। इन 6 स्कूलों के जुड़ने से राज्य में एकलव्य मॉडल विद्यालयों की संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी। पूर्वोत्तर भारत को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अहम उपलब्धि है।

### लोजपा के 38 नेताओं का एक साथ इस्तीफा



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को उनके घर खगड़िया में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 38 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है जिनमें प्रदेश महासचिव रतन पासवान भी शामिल हैं। इसकी वजह सांसद राजेश वर्मा की कार्यशैली बताई जा रही है। चिराग के पिता रामविलास पासवान ने यहीं से पार्टी की नींव डाली थी।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 6 माह फिर बढ़ा



**नई दिल्ली।** मणिपुर एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चाओं की सुर्खियों में है। पूर्वोत्तर भारत का यह संवेदनशील राज्य बीते दो सालों से जातीय हिंसा, सामाजिक तनाव और प्रशासनिक अस्थिरता से जूझ रहा है। केंद्र सरकार ने मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन को फिर छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह 13 अगस्त 2025 से शुरू होकर अगले छह महीने तक लागू रहेगा।

### मनरेगा के तहत मजदूरी दरों में 5 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दरों में औसतन 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह संशोधित दरें बताई।

## राहुल गांधी की खुले मंच से स्वीकारोक्ति

# ओबीसी समुदाय को संरक्षण और सम्मान देने में चूके, अब सुधार को प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग द्वारा आयोजित 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में बोलते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने खुले मंच से स्वीकार किया कि यूपीए सरकार के दौरान जातीय जनगणना न कराना उनकी बड़ी गलती थी। उन्होंने कहा, मैंने ओबीसी समुदाय को उतना संरक्षण और सम्मान नहीं दिया, जितना देना चाहिए था। मैंने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के मुद्दों को समझा, लेकिन ओबीसी के मुद्दों को गहराई से नहीं समझ सका। अब मैं इसे सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने तेलंगाना में हाल ही में शुरू हुई जातीय जनगणना को सियासी तूफान बताया और इसे कांग्रेस शासित राज्यों में लागू करने का वादा किया।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्टेडियम में मौजूद नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय का हक छीना जा रहा है और कांग्रेस इस मुद्दे पर संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों को पूरी तरह लागू करने और शिक्षा व रोजगार में 27 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की। तेलंगाना में जातीय जनगणना को कांग्रेस ने एक मॉडल के रूप में पेश किया, जिसे अन्य राज्यों में लागू करने की योजना है। यह कदम ओबीसी समुदाय के बीच कांग्रेस की पैठ बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### संसद के मार्च में पहले दिखाया दम



बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में संसद के बरास्ते विपक्षी बिसात बिछ चुकी है। पहले मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर संसद दोनों सदनों में कांग्रेस के नेतृत्व में विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने आस्तीनें चढ़ाई हुई हैं। सोमवार से शुक्रवार, लगातार पांचवें दिन संसद के मानसून सत्र विपक्षी आक्रमण की बरसात होती रही। अब संसद के बाहर परिसर में अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक न्याय सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान के लिए जमा हुए सांसदों ने पहले सांकेतिक रूप से एसआईआर के खिलाफ गुस्सा दिखाते हुए उसके पोस्टर फाडकर कूड़ेदान में डाला। बिहार के 52 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद गांधी प्रतिमा से संसद के मकर द्वार तक ओबीसी के खाली पदों को भरने, आारक्षण की सीमा को पचास फीसदी से अधिक करने जैसे मसलों को मुद्दा बनाकर मार्च का आयोजन किया। मतलब, संसद परिसर में संसद से बाहर ये सब कर रहे विपक्षी दल चाहते थे इसे संसद के भीतर भी मुद्दा बनाकर केंद्र से जवाब तलब कर सकते थे लेकिन संसद के बाहर इसे सियासी जामा पहनाने की एक अलग स्तर की तैयारी थी। सवालों के जवाब से ज्यादा विपक्षी दल इस पर सियासी मुलम्मा चढ़ाकर वोटों की फसल बिहार चुनाव में कैसे काटी जाए इसकी जुगत में दिखे। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने आज देशभर से ओबीसी नेताओं का जमावडा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया। जमावड़े का नाम दिया गया 'भागीदारी न्याय सम्मेलन'। आयोजन में ओबीसी समुदाय के लिए जातीय जनगणना और आरक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जातीय जनगणना पहले ही केंद्र सरकार घोषित कर चुकी है। आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट का 'कैप' लगा हुआ है। लेकिन राजनीति फुल हो रही है। दोनों ही ओबीसी के कार्यक्रमों में कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

### तालकटोरा में जुटे कांग्रेसी

दोपहर में तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के ओबीसी विभाग द्वारा 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से ओबीसी नेताओं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्षों, सांसदों, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता थे। अन्य नेताओं में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव जयहिंद, और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया शामिल थे।

# आपातकाल के 50 साल बाद भी कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली: सुधांशु

## भाजपा ने एसआईआर को लेकर राहुल गांधी के आरोपों को बताया बेतुका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के लिए कांग्रेस और राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को चुनाव जीते या नहीं के आधार पर मान्यता देने की उनकी मानसिकता को दर्शाता है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनावों के मामले में, कांग्रेस, इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी बेतुके आरोप लगा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने के फैसले का जिक्र करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली है।



उन्होंने कहा कि यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि आपातकाल के 50 साल बाद भी मानसिकता नहीं बदली है। अगर इंदिरा जी कहती थीं कि संवैधानिक संस्थाओं की मान्यता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीती हैं या नहीं, तो आज राहुल गांधी कहते हैं कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीते हैं या नहीं।

त्रिवेदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों की कड़ी आलोचना की और कहा कि उनके अपने पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी (2018-2024), आशीष दुआ, कुछ और ही लिखते हैं। भाजपा नेता ने वार करते हुए कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों पर क्या-क्या कहा था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक पूर्व सचिव, जो 2018 से 2024 तक महाराष्ट्र के प्रभारी रहे, ने महाराष्ट्र में हार का विश्लेषण करते हुए एक लेख में लिखा था। उन्होंने लिखा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के अंदर की जो कमियां थी उसके कारण महाराष्ट्र का चुनाव हारे।

त्रिवेदी की यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा गुरुवार को चुनाव आयोग को दी गई चेतावनी के बाद आई है कि विपक्ष उन्हें बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से नहीं बचने देगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने गुरुवार को लोकसभा स्थगित होने के तुरंत बाद संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा था कि मैं चुनाव आयोग को संदेश देना चाहता हूं, यदि आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, यदि आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे इससे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं। आप इससे बच नहीं पाएंगे, क्योंकि हम आपके पीछे पड़ जाएंगे।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के लगातार 4078 दिन पूरे कर लिए हैं। जवाहरलाल नेहरू के बाद वे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। अन्य दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल मनमानी के काले अध्याय थे, वहीं यह कार्यकाल विकास का स्वर्णिम अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जनता के जनादेश से चुने गए हैं। जबकि इंदिरा जी और नेहरू जी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे...तो यह जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि परिस्थितियों के चलते बने थे। झारखंड के एक मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक ओछी और अपमानजनक टिप्पणी की है। यह एक बार फिर कांग्रेस की घृणित मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडी गठबंधन को बिहार में उन्हें शून्य सीट मिलने वाली है: शाहनवाज

बिहार में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर विपक्ष के विरोध पर भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की तरह ही बिहार में उन्हें शून्य सीट मिलने वाली है और शून्य की हैट्रिक से राहुल गांधी डर गए हैं। इसीलिए ये लोग संसद में एसआईआर का मुद्दा बनाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली में शून्य की हैट्रिक लगा चुके हैं। बिहार में भी राहुल गांधी को पता चल गया है कि शून्य सीटें मिलने वाली हैं। इसीलिए उन्हें डर सता रहा है। कई जगहों पर उन्हें पहले ही शून्य सीटें मिल चुकी हैं।

शाहनवाज हुसैन ने दावा किया है कि राहुल गांधी को अपने सर्वेक्षणों के अनुसार पता चल गया है कि इंडी अलायंस चुनाव हार रही है और एनडीए इस बार 200 से ज़्यादा सीटें हासिल करते हुए पूर्ण बहुमत से जीतने वाली है। इसलिए उन्हें हार का डर सता रहा है। तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और इंडी अलायंस अब चुनाव बहिष्कार की बात भी कर रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज

# चुनाव आयोग से नियुक्त किए गए रिटर्निंग-सहायक रिटर्निंग अधिकारी

*राज्यसभा सचिवालय की संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने चुनाव से जुड़ी अहम प्रक्रिया शुरू करते हुए रिटर्निंग अधिकारी और दो सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। यह चुनाव राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम और राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन नियम, के मुताबिक होगा। इस नियम के तहत, केंद्र सरकार से परामर्श कर आयोग एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करता है।



### धनखड़ को विपक्ष देगा फेयरवेल डिनर

विपक्षी दलों ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित किया है। विपक्षी दलों की ओर से राज्यसभा के वर्किंग एडवाइजरी कमेटी की बैठक इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया गया. विपक्ष ने कहा कि 74 वर्षीय धनखड़ को राज्यसभा में अपना विदाई भाषण तक देने का मौका नहीं मिला। इसी मुद्दे को और जोर देने के लिए विपक्षी दलों ने एक विशेष फेयरवेल डिनर का आयोजन किया है, जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को औपचारिक रूप से विदाई दी जा सके।

# कांग्रेस ने हरियाणा में लॉ ऑफिसर्स की नियुक्तियों पर उठाए सवाल, आरोपियों को क्यों दिया जा रहा है संरक्षण?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हरियाणा में हाल ही में की गई विवादित लॉ-ऑफिसर्स की नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिला अपराधों के आरोपियों को संरक्षण दे रही है और न्याय प्रणाली में सिफारिशी नियुक्तियां कर रही है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता एडवोकेट महिमा सिंह ने बताया कि विकास बराला को असिस्टेंट एडवोकेट जनरल के तौर पर नियुक्त किया गया है, जो भाजपा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का बेटा है। उन्होंने याद दिलाया कि इसी विकास बराला को अगस्त, 2017 में एक रात को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया था, जब उसने एक आईएएस अधिकारी की बेटी का पीछा किया और उसका उत्पीड़न किया था।



सिंह ने कहा कि उस समय पुलिस ने बराला को गिरफ्तार तो किया, लेकिन बाद में दबाव के चलते उसे रिहा करना पड़ा। यदि पीड़िता एक आम लड़की होती, तो उसकी स्थिति भी कठुआ, उन्नाव या हाथरस पीड़िताओं जैसी हो सकती थी। चूंकि पीड़िता आईएएस अधिकारी की बेटी थी, इसलिए मामला आसानी से रफा-दफा नहीं हो सका और आख़िरकार तमाम धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराने में सफलता मिली।

कांग्रेस नेता ने बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी 2025 के बीच हरियाणा के एडवोकेट जनरल द्वारा 100 लॉ ऑफिसर के रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया, जिसके लिए तीन हजार आवेदन आए। जब 95 चयनित उम्मीदवारों की सूची सामने आई, तो यह देखकर आश्चर्य हुआ कि इसमें ज्यादातर लोग भाजपा से जुड़े नेताओं के बेटे-बेटी या जजों के रिश्तेदार थे। सिंह ने कहा कि इस सूची में विकास बराला के साथ-साथ अनु पाल नाम की महिला का नाम भी शामिल है। उन्होंने खुलासा किया कि अनु पाल कोई और नहीं, बल्कि विकास बराला को जमानत देने वालीं जस्टिस लिसा गिल की छोटी बहन हैं। लॉ ऑफिसर्स नियुक्तियों को अनैतिक और गलत बताते हुए सिंह ने कहा कि एजी की नियुक्ति के लिए मापदंड स्पष्ट हैं। यदि कोई अभियुक्त हो तो उसकी नियुक्ति नहीं की जा सकती और वकालत करने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती।

## हाईकोर्ट ने शहीदों से संबंधित विवाद पर दिया अहम फैसला

# सैनिक को साथी ने गोली मार दी हो तो भी वह लाभ का पात्र

**पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा-उसे वंचित नहीं कर सकते**

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है.तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता।



### पेंशन देने का दिया निर्देश

जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की पीठ ने 16 जुलाई को दावा के लिए आवेदन करने में देरी सहित कई आधारों पर देवी को पेंशन देने से इनकार करने की केंद्र की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे किसी भी तरह से उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उन सैनिकों को मिलते हैं।

### रक्षा मंत्रालय उसे उदारीकृत पेंशन दे

अदालत इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई कि आवेदन दाखिल करने में देरी हुई क्योंकि पेंशन, जिसका हकदार राष्ट्र की सेवा करने वाला कर्मचारी हर महीने होता है, एक सतत कारण है। एएफटी ने रक्षा मंत्रालय को देवी के उदारीकृत पारिवारिक पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। उसे पेंशन दें।

### प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार हो

अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था और 21 अक्टूबर 1991 को एक साथी सैनिक द्वारा चलाई गई गोली के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

## कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

# दिल्ली पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को रोहिणी सेक्टर-11 क्षेत्र में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। फांसी लगाने वाली महिला की पहचान सविता पुत्री प्रताप सिंह निवासी जी-3/51, तीसरी मंजिल, सेक्टर-11 रोहिणी उम्र 29 वर्ष, मूल निवासी छारा गांव, जिला झज्जर, हरियाणा के रूप में हुई। उसके भाई ने जाली तोड़कर गेट खोला और उसका शव पंखे से उतारा। मृतका थाना अमन विहार, जिला रोहिणी में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थी और 2021 बैच की भर्ती है। मामले में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कैसे में आगे की तफ्तीश जारी है।



## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूट 86.52 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.52 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 86.59 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 86.63 के निचले स्तर पर पहुंच गया।

## सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी फीनिक्स

**नई दिल्ली।** फीनिक्स मिल्स लिमिटेड अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी आइलैंड स्टार मॉल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएसएमडीपीएल) में सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स से 5,450 करोड़ रुपये में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। फिलहाल, फीनिक्स मिल्स और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स) के पास आईएसएमडीपीएल में क्रमशः 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### श्रम मंत्रालय ने इस योजना की दी जानकारी

# 1 अगस्त से शुरू होगी रोजगार प्रोत्साहन योजना, दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' एक अगस्त, 2025 से लागू होगी। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी थी।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' (पीएमवीबीआरवाई) का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे।

- कैबिनेट ने इस योजना को दी थी मंजूरी
- योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सजृन को प्रोत्साहित करना
- कुल 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली योजना



### अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक सृजित नौकरियों पर होगा लागू

इस योजना का लाभ एक अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित होने वाली नौकरियों पर लागू होगा। बयान के अनुसार, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना एक अगस्त, 2025 से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' (पीएम-वीबीआरवाई) के रूप में लागू होगी। यह नाम विकासशील भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है और देश में समावेशी और पर्यावरण अनुकूल रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी

पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी जबकि दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में इसे निकाला जा सकेगा।

### कम से कम छह माह तक लगातार रोजगार

सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक लगातार रोज़गार देने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए, दो वर्षों तक 3000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन राशि को तीसरे और चौथे वर्ष के लिए भी बढ़ाया जाएगा।

### विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

इस भाग में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोज़गार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ता एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त करेंगे।

### विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार का होगा सजृन

नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को गति देने की भारत की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित होगा

इस योजना के दो हिस्से हैं। भाग 'ए' पहली बार निवेश करने वालों पर केंद्रित है जबकि भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए भाग 'ए' के तहत 15,000 रुपये तक का एक महीने का ईपीएफ अंशदान दो किस्तों में मिलेगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे।

## मुद्रास्फीति, वृद्धि की संभावनाओं से तय होगी ब्याज दर में कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आरबीआई गवर्नर ने कहा, वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि की संभावनाएं भविष्य में ब्याज दर कटौती तय करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जून में मुद्रास्फीति में भारी गिरावट आई है। मल्होत्रा ने यहां 'एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन' में कहा कि आरबीआई की दरों में कटौती से परिसंपत्तियों में उछाल नहीं आएगा और केंद्रीय बैंक के पास अर्थव्यवस्था की मदद के लिए दरों में कटौती के अलावा और भी कई उपाय मौजूद हैं। गौरतलब है कि आरबीआई ने इस साल अपनी प्रमुख उधारी दरों में एक प्रतिशत की कटौती की, और आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि प्रमुख मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में आगे और नरमी की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### इस साल ऋण दरों में आधा प्रतिशत की कमी

जून तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस साल बैंकों ने ऋण दरों में लगभग आधा प्रतिशत की कमी की है। जबकि रिजर्व बैंक ने फरवरी से लेकर अबतक नीतिगत दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है। मल्होत्रा ने कहा कि दरों में कटौती का मकसद ऋण वृद्धि को बढ़ाना है, और उन्होंने भरोसा जताया कि इससे परिसंपत्ति 'बुलबुले' नहीं बनेंगे।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## बिकवाली दबाव में बाजार एक माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 721 अंक और निफ्टी 225 अंक फिसला
- विदेशी संस्थाओं ने लगातार पूंजी निकासी जारी रखी
- वित्तीय, आईटी और तेल-गैस शेयरों में रही बिकवाली

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया।विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते 294.64 अंक और निफ्टी में 131.4 अंक की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद सर्वाधिक 4.73 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

***एफआईआई ने शार्ट पोजीशन रखी :*** *जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"कंपनियों के नरम तिमाही नतीजों और निराशाजनक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली हुई।*

## अन्य देशों के साथ भी एफटीए समझौतों की जरूरतः मल्होत्रा

भाषा ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। एफई मॉडर्न बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) शिखर सम्मेलन में यहां मल्होत्रा ने कहा कि बहुपक्षवाद अब बीते दिन की बात है और भारत को अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों (जैसे ब्रिटेन एफटीए) की जरूरत है। लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय बैंक की यह पहली टिप्पणी है। मल्होत्रा ने कहा, '' उम्मीद है कि ब्रिटेन के साथ एफटीए से हमें मदद मिलेगी... अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है।'' उन्होंने साथ ही कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। भारत के लिए अन्य देशों के साथ ऐसे और अधिक समझौते करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई समझौतों पर बातचीत जारी है।

## सोना 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह आज यह 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 500 रुपये गिरकर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पिछला बंद स्तर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 20.72 डॉलर या 0.62 प्रतिशत गिरकर 3,347.94 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## समझौता मोटर वाहन क्षेत्र के लिए फायदेमंद : सियाम

**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग के संगठन सियाम ने शुक्रवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत वाहन क्षेत्र के शुल्कों पर सरकार की प्रतिबद्धताएं उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए भारतीय उद्योग के व्यापक लक्ष्यों का समर्थन करती हैं। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते से ब्रिटेन के बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध होगी जिससे करीब 23 अरब अमेरिकी डॉलर के अवसर खुलेंगे। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) कहा जाता है।

## भारत ब्रिटेन से कार्बन कर छूट प्राप्त करने में विफलः जीटीआरआई

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में भारत कार्बन कर से छूट हासिल करने में असमर्थ रहा। इससे ब्रिटेन में भारत के कार्बन का अधिक उत्सर्जन करने वाले उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ेगा। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरई ने शुक्रवार को यह बात कही। ब्रिटेन सरकार ने 2027 से अपने कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) को लागू करने का दिसंबर 2023 में फैसला किया था। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) पर छूट या छूट का प्रावधान न होने से भारत ने कार्बन का अधिक उत्सर्जन करने वाले उत्पादों के निर्यात में छूट हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर खो दिया है। उन्होंने कहा, '' जनवरी 2027 से ब्रिटेन, भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर कार्बन कर लगा सकता है, जबकि हम ब्रिटेन के सामानों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करते हैं। यह एक गंभीर असमानता है। यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौते में भी यही व्यवहार अपेक्षित है।'' जीटीआरआई ने मई में कहा था कि ब्रिटेन के 2027 से लोहा व इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन कर लगाने के निर्णय के कारण भारत से ब्रिटेन को होने वाले 77.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निर्यात पर असर पड़ सकता है। यूरोपीय संघ (ईयू) के बाद, ब्रिटेन सीबीएएम लागू करने वाली दूसरी अर्थव्यवस्था होगी। यह कर शुरुआत में लोहा, इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक, हाइड्रोजन, सिरेमिक, कांच और सीमेंट जैसे क्षेत्रों पर लगाया जाएगा। यह कर 14-24 प्रतिशत तक हो सकता है। भारत ने पहले इस कर पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी और इसे व्यापार बाधा बताया था।

### भारत-ब्रिटेन एफटीए में किसानों के हितों रखा ध्यान : चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत ब्रिटेन को कृषि वस्तुओं पर कोई ऐसी शुल्क रियायत नहीं दी है जिससे घरेलू किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। चौहान ने बृहस्पतिवार को संपन्न इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है और असल में, इसका कृषि क्षेत्र पर 'बहुत' सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08255383A | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ़ आई पी बेस्ड | 1363 सेट | 21.08.2025 |
| 02 | 16255026 | स्टैंडबाई इन्वर्टर फॉर फ्यूल | 250 नग | 22.08.2025 |
| 03 | 19250135 | ए ओ एच/टी ओ एच किट फॉर इ एल जी आई कंप्रेसर | 343 सेट | 25.08.2025 |
| 04 | 16250544 | आई ओ एच किट फॉर टी आर सी 2507 | 75 नग | 25.08.2025 |
| 05 | 15245083B | शॉट ब्लास्टिंग एंड पीनिंग प्लांट | 1 नग | 02.09.2025 |
| 06 | 09253071A | पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन साल्वेंट | 128979 लीटर | 09.09.2025 |
| 07 | 08255028 | 24 फाइबर अर्मोरेड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 482 किलो मीटर | 11.09.2025 |
| 08 | 12250030 | अर्थिंग केबल कम्पलीट फॉर व्हील सेट | 5989 नग | 22.09.2025 |

**निविदा शर्तें**- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 35/2025-2026 दिनांक 25.07.2025 2272/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल कुलविंदर सिंह सेठी व उनकी पत्नी अविनाश कौर निवासी H.No. 14/112 सुभाष नगर नई दिल्ली-110027 ने अपने पुत्र गुरप्रीत सिंह व उसकी पत्नी गुरप्रीत कौर को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है व अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिए है। भविष्य में उनका किसी से किसी भी प्रकार का कोई भी लेन देन होगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा मुवक्किल व उसका परिवार उनके किसी भी कार्य के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

**ROHIT YADAV (Advocate)**
Ch. No.402 Civil Wings Tishazari Courts, Delhi-54



**NOTICE**

I, Seema Luthra W/o Gurvinder Singh R/o H.No. 2/313 Second Floor Subhash Nagar New Delhi 110027 declare that as per my documents aadhar card etc. my name is Seema Luthra. But in my some documents my name is recorded as Seema and Seema Rani. Seema, Seema Rani and Seema Luthra are one and the same person i.e. myself.



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-125**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है –

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-125, कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल :- 08 स्टेशनों पर 09 यात्री प्लेटफार्म का विस्तार (कौवापुर पीएफ-1, पचपेरवा पीएफ-1, गैसरी पीएफ-1 & 2, स्वामी नारायण छपिया पीएफ-2, बुढ़वल जंक्शन पीएफ-2, कर्नलगंज पीएफ-2, एलसी पीएफ-4 और ऐशबाग पीएफ-2/3), **अनुमानित लागत** : रु. 5,88,70,805.74, **अग्रिम धन** : रु. 4,44,400.00, **समापन अवधि** : 7 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-125** के लिए ई-निविदा दिनांक **12.08.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्ल्यू-174 **पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र मनोज पताः एस-379, स्कूल ब्लॉक शकरपुर, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 259/2020 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः शकरपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 259/2020 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत थानाः** शकरपुर, **दिल्ली के उक्त सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पी भार्वग राव**
**न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी-05**
**पूर्व जिला, कोर्ट नं.03**
DP/9720/ED/2025 **कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संगीता पत्नी सुरेश पता झुग्गी डी-ब्लॉक, निकट रेलवे स्टेशन नांगलोई, दिल्ली और ई-257, मंगोलपुरी, दिल्ली ने एफआईआर सं. 270/19 धारा 379/34 भा.द.स. के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संगीता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संगीता** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 270/19 धारा 379/34 भा.द.स. के तहत** थानाः कोतवाली दिल्ली **के उक्त संगीता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दंडाधिकारी – प्रथम श्रेणी-08**
**(केन्द्रीय) कमरा नं. 272**
DP/8264/N/2025 **तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**


## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5939




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5938 का हल





*बॉक्सिंग में आज सेमीफाइनल व कल फाइनल मुकाबलों में दम दिखाएंगे खिलाड़ी*

*हिसार के लोकेश ने जींद को हिमांशु को पराजित करके सेमीफाइनल में जगह बनाई*

# तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में खिलाड़ियों ने जमकर चलाए पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नजदीकी गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में चल रही तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जमकर पंच चलाए। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्व मेयर गौतम सरदाना मुख्य अतिथि रहे। गौतम सरदाना ने कहा कि बॉक्सिंग सिर्फ एक खेल नहीं, ये संघर्ष, आत्मविश्वास और अनुशासन की मिसाल है। हर पंच में साहस होता है और हर हार में सीख। बॉक्सर की जिंदगी हमें सिखाती है कि गिरकर भी कैसे उठना है और फिर से डटकर लड़ना है। यही असली जीत की पहचान है।



**हिसार।** बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पंच लड़ाते खिलाड़ी व विजेता घोषित करते कोच।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस मौके पर हिसार बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रधान भगत सिंह, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कंपीटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, उपप्रधान एडवोकेट मनोज कुश, उपप्रधान सुभाष, ऑर्गनाइजर विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खेलने के काबिल बच्चों की मदद करें: पान्नू

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव रविन्द्र पान्नू ने हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के प्रधान मीनू बेनीवाल की जमकर तारीफ की और कहा कि आज के दिन हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है।*

### जीतने वाले सभी खिलाड़ी पदक के हकदार

आयोजकों ने कहा कि शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में जीतने वाले सभी खिलाड़ी मेडल के हकदार हैं। खिलाड़ियों की बाउट देखने लायक थी। एक पंच के बाद एक पंच ने दर्शकों में काफी जोश भरा और अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की।

### युवा बॉक्सर कर रहे प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शनः मेजर सत्यपाल



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेयर सत्यपाल सिंधु ने थर्ड सब जूनियर गर्ल्स एंड बॉयज राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के प्रबंधों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों तथा कोचों के रहने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की उचित डाइट का भी बढ़िया प्रबंध किया गया है। चैंपियनशिप में भाग ले रहे युवा बॉक्सर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करके देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों की पौध तैयार करने में भरपूर मदद करते रहेंगे।

### ये रहे प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के परिणाम

*30-33 किलोग्राम भारवर्ग में पानीपत के तनिश ने मेवात के रिकी को 3-2 से, सोनीपत के वंश ने साई भिवानी के बॉक्सर हरिओम को वॉक ओवर किया। इसी प्रकार हिसार ए के लोकेश ने जींद के हिमांशु को 5-0 से, करनाल के बॉक्सर अनूज ने अंबाला के कृष्णा को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी प्रकार 33-35 किलोग्राम भारवर्ग में पलवल के विराट ने साई हिसार के प्रणव को 4-0 से, भिवानी के नेतिक ने हिसार ए के अंश सिहाग को 4-1 से, सोनीपत के श्रयांश ने रोहतक के केशव को 5-0 से, अंबाला के युद्धवीर ने महेंद्रगढ़ के भविष्य यादव को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। 35-37 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत के आयुष स्वामी ने साई हिसार के निखिल को वॉक ओवर किया। पानीपत के शुभम ने करनाल के रघुवंश को 3-2 से, फतेहाबाद के रोहन ने कैथल के रणदीप को 6-0 से हराया। 37-40 किलोग्राम भारवर्ग में भिवानी के हरशिल ने रोहतक के दक्ष पंवार को 3-2 से, मेवात के वंश ने कैथल के वंश तंवर को 5-0 से और साई हिसार के दीपांशु ने यमुनानगर के कुनाल को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पानू ने बताया कि लड़कियों के मुकाबले में 30-33 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत की अक्षिता ने हिसार ए की काफी को 4-1 से, जींद की नेहा ने यमुनानगर की वैशणवी को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। 37-40 किलोग्राम भारवर्ग में रेवाड़ी की गुंजन ने यमुनानगर की मुस्कान को 5-0 से हराया। कैथल की अंतिम ने गुरुग्राम की तनवी को 5-0 से हराया। वहीं, 40-43 किलोग्राम भारवर्ग में रोहतक की कनिका ने हिसार ए की हंशिका को 5-0 से, पानीपत की हिमानी ने महेंद्रगढ़ की निहारिका को 5-0 से, भिवानी की सोनिका ने कुरुक्षेत्र की पायल को 5-0 से, साई हिसार की श्रृष्टि ने गुरुग्राम की सिया को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।*





### शतरंज की दुनिया में भारत के लिए ऐतिहासिक पल

**बातुमी (जॉर्जिया)।** स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी, जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

- **महिला विश्व कप की ट्रॉफी पहली बार देश में आएगी**

#### ‘शतरंज प्रेमियों के लिए खुशी का पल अब खिताब भारत के पास आएगा

हम्पी ने कहा, ‘शतरंज प्रेमियों के लिए यह सबसे खुशी के पलों में से एक है क्योंकि अब खिताब निश्चित रूप से भारत के पास जाएगा। लेकिन निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के रूप में कल का मैच भी काफी कठिन होगा। दिव्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।’ हम्पी से आधी उम्र की अंतरराष्ट्रीय मास्टर देशमुख इस प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर कर चुकी हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थीं, जिन्होंने डी. हरिका को बाहर कर दिया था। नागपुर की 19 वर्षीय देशमुख ने सेमीफाइनल में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को हराया।

## चौथा टेस्ट: जो रूट ने 150 रन बनाए, भारत पर बनाया दबाव

# भारत से 186 रन आगे इंग्लैंड, तीसरे दिन स्कोर 544/7, स्टोक्स नाबाद लौटे

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

जो रूट (150) के 38वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 544 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। भारत की पहली पारी 358 रन पर सिमटी थी जिससे इंग्लैंड की कुल बढ़त अब 186 रन की हो गयी और उसके तीन विकेट शेष है। स्टंप्स के समय इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 77 रन पर खेल रहे थे जबकि लियाम डॉसन 21 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। रूट ने अपनी इस यादगार पारी के दौरान ओली पोप (71) के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 और बेन स्टोक्स के साथ 142 रन की साझेदारी की। रूट ने अपनी 248 गेंद की शानदार पारी के दौरान 14 चौके लगाने के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। वह 120 के व्यक्तिगत स्कोर पर पहुंचते ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13378) को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गये। अपना 157वां टेस्ट खेल रहे 34 साल के रूट ने दिन के पहले सत्र में सबसे ज्यादा टेस्ट रन के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ (13288) और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान हरफनमौला जैक कैलिस (13289) को पीछे छोड़ा।



### टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। रूट ने जैसे ही 120 रन पूरे किए, वो रिकी पॉन्टिंग, राहुल द्रविड़ और जैक कैलिस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 13379 रन पर पहुंचते ही ये मुकाम हासिल किया।

### रूट ने तोड़ा डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड

मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार इंग्लैंड ने अपनी पारी 225 रन के स्कोर से आगे शुरू की। दूसरे दिन के खेल के बाद रूट नाबाद लौटे थे और उन्होंने यहीं से आगे खेलना शुरू किया। पहले सेशन में ही रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर दूसरे सेशन में इस फिफ्टी को यादगार शतक में तब्दील कर दिया। इस तरह रूट ने टेस्ट सीरीज में अपना दूसरा शतक जमा दिया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान रूट ने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा और साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया।

### स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा


रूट का भारत के खिलाफ इंग्लैंड में ही ये 9वां शतक है। इस तरह किसी एक देश के खिलाफ घर में सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड अब रूट के नाम हो गया है। रूट ने लॉर्ड्स के बाद ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में भी शतक जमा दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक का रिकॉर्ड बना दिया। रूट के अब 12 शतक हैं और उन्होंने स्टीव स्मिथ (11) को पीछे छोड़ दिया।

### संगाकार की बराबरी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 38वां शतक जमाया है। इस तरह उन्होंने पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा की बराबरी कर ली। संगाकारा ने 134 टेस्ट में इतने शतक जमाए थे। वहीं रूट का ये 157वां टेस्ट है।

**डेविस कप**

## स्विट्जरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित, नागल-युकी की वापसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की दो साल के अंतराल तो वहीं युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की पिछले दो मुकाबलों से बाहर रहने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने स्विट्जरलैंड की मेजबानी में होने वाले मैच के लिए आठ सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारत 12 सितंबर से इंडोर कोर्ट पर खेले जाने वाले विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले के लिए बील शहर की यात्रा करेगा।

### इन खिलाड़ी को मौका

नागल (विश्व रैंक 306) के अलावा करण सिंह (403) और युवा आर्यन शाह (442) को एकल खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शशिकुमार मुकुंद (463) और प्रतिभावान दक्षिणेश्वर सुरेश (790) इस मुकाबले के लिए रिजर्व (वैकल्पिक) एकल खिलाड़ी होंगे। शीर्ष रैंक वाले भारतीय युकी (विश्व रैंक 35) और एन श्रीराम बालाजी (75) युगल खिलाड़ी के रूप में टीम में चुने गए हैं, जिसमें ऋत्विक बोलिपल्ली (77) रिजर्व खिलाड़ी होंगे। नागल का खेल धीमी कोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है।

### रामकुमार रामनाथन टीम से बाहर

डेविस कप के पूर्व कोच नंदन बल के नेतृत्व वाली चयन समिति ने रामकुमार रामनाथन को टीम से बाहर कर दिया। उनका बाहर किया जाना अपेक्षित था क्योंकि 30 वर्षीय खिलाड़ी इस सत्र में अच्छी लय में नहीं है। भारत ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप के तीन मुकाबलों में दो बार जीत हासिल की है। पिछली बार दोनों टीमें 1993 में कलकत्ता साउथ क्लब के ग्रास कोर्ट पर भिड़ी थीं, जहां मेजबान भारत ने स्विट्जरलैंड को 3-2 से हराया था। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम 2026 डेविस कप क्वालिफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि हारने वाले देश को अगले साल विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ में वापस जाना होगा।

### डेविस कप टीम

**एकल :** सुमित नागल, करण सिंह और आर्यन शाह।
**युगल :** युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी।
**रिजर्व :** दक्षिणेश्वर सुरेश, शशिकुमार मुकुंद और रित्विक बोलीपल्ली।

## 17 वर्षीय उन्नति नहीं रख पाई लय बरकरार, टूर्नामेंट से हुई बाहर



**चांग्झू (चीन)।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

## तन्वी-वेन्नाला ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶ मसोलो (इंडोनेशिया)

भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोतला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने महिला एकल में अपना दबदबा कायम रखते हुए इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त थालिता रमधानी विरयावान को 35 मिनट के मुकाबले में 21-19, 21-14 से हराया। तन्वी पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही हैं और अब तक अपने सभी मैच सीधे गेम में जीते हैं। दूसरी ओर वेन्नाला ने 58 मिनट के रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड की जान्यापोर्न मीपैन्थोंग पर 21-18, 17-21, 21-17 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के सामने चीन के खिलाड़ियों की चुनौती होगी। तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से होगा जबकि वेन्नाला लियू सी या से भिड़ेंगी।



## डीसी ओपनः लगातार दूसरी जीत की कोशिश नाकाम, वीनस की फिर हार

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

वीनस विलियम्स की डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार के साथ ही 2019 के बाद लगातार दूसरा मैच जीतने की उम्मीद टूट गई। पिछले एक साल से भी अधिक समय में किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही वीनस को दूसरे दौर के मैच में विश्व की 24वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मैग्डेलेना फ्रेच ने 6-2, 6-2 से पराजित किया।



**मैग्डेलेना ने विलियम्स को 6-2, 6-2 से हराया**

### 2019 में जीते थे दो मैच जीते

सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने मैच के बाद कहा, ‘मैंने यहां खेलने का पूरा आनंद उठाया। निश्चित रूप से परिणाम मेरे अनुकूल नहीं रहा लेकिन मुझे यहां काफी कुछ सीखने को मिला। खेल और जीवन की खास बात यह है कि आप कभी सीखना बंद नहीं करते।’ वीनस ने पिछली बार अगस्त 2019 में सिनसिनाटी ओपन में कम से कम दो मैच जीते थे। उन्होंने तब क्वार्टर फाइनल में मैडिसन कीज से हारने से पहले लगातार तीन जीत हासिल की थीं।

## तीरंदाजी: द. कोरिया के येरिन और सेउंगह्यून को फाइनल में हराया

# विश्व विश्वविद्यालय खेल: परनीत-दलाल ने मिश्रित कंपाउंड में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶ राइन-रूहर (जर्मनी)

भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते। इन दोनों तीरंदाजों को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि दलाल को पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत ने महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में 157-154 से जीत हासिल की।



### भारत और पदक जीतने की दौड़ में

भारत और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है, जिसमें दलाल और जाधव शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत सेमीफाइनल के लिए तैयार हैं। परनीत भी व्यक्तिगत पोडियम स्थान पर नजर गड़ाए हुए हैं और सेमीफाइनल में उनका सामना दक्षिण कोरिया की एस किम से होगा।

### पुरुष टीम महज एक अंक से हारी

इससे पहले परनीत, अवनीत कौर और मधुरा धामनगांवकर की महिला कंपाउंड टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में ब्रिटेन की क्लो एबियर, हैली बोल्टन और ग्रेस चैपल को 232-224 से हराकर भारत का खाता खोला। दलाल, साहिल जाधव और ऋतिक शर्मा की पुरुष कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई और 174-174 की बराबरी पर थी लेकिन तुर्की के बाउहान अक्काओग्लू, यूनुस एमरे अर्सलान और याकुम यिल्डिज से महज एक अंक से हार गई।

### देव मीणा ने फाइनल में बनाई जगह



**बोचुम (जर्मनी)।** देव कुमार मीणा ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में 5.40 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस 20 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एक क्वालिफिकेशन चरण में पांचवां और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द | दो छात्रावासों (ब्वॉयज और गर्ल्स) में लगभग 300 विद्यार्थियों के लिए सीआरएसयू विद्यार्थियों के मेस का संचालन करना। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01681-241004 registrar@crsu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37002/I/88/7 दि. 25.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा कुताना, रोहतक में एक वर्ष हेतु 3 एमएलडी कॉमन एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का प्रचालन और रखरखाव। | 28.07.2025 06.08.2025 | 69.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | प्लॉट नं. 218, एमएस कुबोता प्रा. लि. से अटल पार्क, सेक्टर-58, फरीदाबाद (एचएसवीपी से एचएसआईआईडीसी को हस्तांतरित औद्योगिक सेक्टर) तक सुपर सकर मशीन द्वारा 1000 मिमी से 1200 मिमी डाया की मास्टर सीवरलाइंस की गाद निकालना। | 29.07.2025 04.08.2025 | 22.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | एसआईआईडी स्कीम के तहत एचएसआईआईडीसी, आईई नरवाना में बकाया रोड की अपग्रेडेशन का कार्य। | 25.07.2025 11.08.2025 | 133.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416139509 ia.narwana@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/37007/I/88/7 दि. 25.07.25

सेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, बीईएल से की जाएगी वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार की खरीद

# रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ किया 2 हजार करोड़ का समझौता

## यह रडार सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता में इजाफा करने के उद्देश्य से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडारों की खरीद के लिए कुल करीब 2 हजार करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रडार लगभग 70 फीसदी स्वदेशी कंटेंट से युक्त होंगे और लड़ाकू विमानों, हमलावर हेलिकॉप्टरों और दुश्मन के ड्रोन सहित सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की



उपस्थिति में मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर के साथ उसका आदान-प्रदान किया। समझौते को मंत्रालय की रक्षा खरीद प्रक्रिया में शामिल, खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया गया है।

यह रडार वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा, सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत बनाएगा और देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। इसके अलावा यह कंपोनेंट के विनिर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के जरिए स्वदेशी एमएसएमई को प्रोत्साहित कर घरेलू रक्षा उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

### जलगांव से 50 करोड़ की ड्रग्स सहित तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में पुलिस ने एक कार से 50 करोड़ रुपए मूल्य का 39 किलोग्राम 'एम्फेटामाइन' नामक मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि इस जब्ती और एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के साथ कथित सांठ-गांठ के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रतिबंधित दवा दिल्ली से इंदौर, धुले, चालीसगांव और छत्रपति संभाजी नगर होते हुए बेंगलुरु ले जाई जा रही थी। बेंगलुरु में इस दवा के संभावित प्राप्तकर्ता की पहचान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। एम्फेटामाइन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के लिए एक शक्तिशाली उत्तेजक के रूप में काम करती है। जिसका कई युवा मनोरंजन के लिए दुरुपयोग करते हैं।


18 मिनट हवा में रहने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

# आसमान में खुला एयर इंडिया का कार्गो गेट, मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में जयपुर एयरपोर्ट से शुक्रवार को एक एयर इंडिया फ्लाइट ने उड़ान भरी थी। इसके बाद पायलट को प्लेन का कार्गो गेट खुला रह जाने की जानकारी मिली, जिसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी।

करीब 18 मिनट हवा में रहने के बाद फ्लाइट की एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। फ्लाइट के इंजन में भी कुछ तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-612 शुक्रवार दोपहर जयपुर से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। करीब 18 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट में तकनीकी खराबी का पता चला। साथ ही कार्गो गेट भी खुले होने की जानकारी



मिली है। माना जाता है कि इसे उड़ान के दौरान काफी खतरनाक माना जाता है। इसके बाद पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मैसेज भेजा। अनुमति मिलने के बाद दोपहर 2:16 बजे फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई।

**सभी यात्री सुरक्षित**

जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम फ्लाइट की जांच कर रही है। अभी तक की जांच में किसी तरह की खराबी को लेकर किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं इस घटना को लेकर अभी तक एयर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### फिलीपीन में तूफान से 25 लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपीन में खराब मौसम के कारण अब तक कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है और बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकाला गया है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में उष्टकटिबंधीय तूफान से मौसम की स्थिति और बिगड़ गई है। तूफान 'को-मे' ने गुरुवार रात को पंगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में दस्तक दी और इस दौरान 165 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उत्तरपूर्व की ओर बढ़ रहा यह तूफान अब कमजोर हो रहा है और शुक्रवार सुबह इसके प्रभाव से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।



### पाकिस्तान में बारिश से 266 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में जारी मूसलाधार बारिश से जुड़ी घटनाओं में 26 जून से अब तक कम से कम 266 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें 126 बच्चे शामिल हैं, जबकि 628 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है।



राजधानी में शुक्रवार को आयोजित की गई एक रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बोले जनरल अनिल चौहान

# ऑपरेशन सिंदूर जारी है...शस्त्र और शास्त्र में पारंगत हों सेना के रणबांकुरें: सीडीएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर बने हुए तनाव के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बयान दिया। जिसमें उन्होंने सेनाओं से अपनी सैन्य और रणनीतिक तैयारी को चौबीसों घंटे व 365 दिन आला दर्जे का बनाए रखने का आह्वान किया और भारत के दुश्मनों को भी दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्हें किसी मुगालते में रहने की आवश्यकता नहीं है।

क्योंकि यह अभियान अभी भी जस का तस जारी है। उन्होंने सेना को किसी भी परिस्थिति में जीत का गुरुमंत्र देते हुए कहा कि सैनिकों को 'शस्त्र (युद्ध कौशल) और शास्त्र (ज्ञान)' दोनों का ज्ञान होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर आज के एक योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तर पर एक मंझा हुआ खिलाड़ी (दक्ष) होना चाहिए। यह जानकारी सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने राजधानी के सुब्रतो पार्क में आयोजित की गई एक सैन्य संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दी। जिसे नंबर 4 वॉरफेयर एंड एयरोस्पेस स्ट्रेटेजी प्रोग्राम के तत्वाधान में 'एयरोस्पेस पावरः प्रिजर्विंग इंडियाज सोविरेनिटी एंड फरदरिंग नेशनल इंटरेस्ट' विषय पर आयोजित किया गया था।




### 100 आतंकियों का काम तमाम किया

गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की देर रात ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिसमें सेना और वायुसेना ने मिलकर जम्मू-कश्मीर में एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार कर पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कुल 9 आतंकवादी कैंपों पर बेहद सटीकता के साथ हमला बोला था। जिसमें लश्करे-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत अन्य आतंकी संगठनों के 100 से अधिक आतंकवादी पलभर में ढेर हो गए। पाकिस्तान इससे बौखला गया और उसने भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर ड्रोन और अन्य हथियारों से हमला किया। जिसका सशस्त्र सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब दिया और पाक के कई सैन्य ठिकानों को भारी क्षति पहुंचाई। प्रतिक्रिया में पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गए और उसके अनुरोध पर 10 मई की शाम पांच बजे से दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू किया गया। जो वर्तमान में भी बना हुआ है।

### भविष्य की मांग सूचना योद्धा

जनरल चौहान ने बताया, भविष्य में सेना को सूचना, प्रौद्योगिकी और विद्वान योद्धाओं की आवश्यकता होगी। इसमें भी खासतौर पर युद्ध के परिदृश्य के बीच भावी सैनिकों को सूचना-प्रौद्योगिकी और शिक्षा के मामले में विद्वान होना पड़ेगा। उन्होंने सैनिकों को ये भी समझाया कि युद्ध में कोई भी उप-विजेता नहीं होता है। इसे ध्यान में रखते हुए हमेशा सतर्कता के साथ अपनी रणनीतिक और अभियानगत तैयारियों को चाक-चौबंद बनाए रखना चाहिए।

### पारंपरिक, डिजिटल युद्ध पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि पारंपरिक और डिजिटल युद्ध मौजूदा समय में आपस में एक-दूसरे में समाहित नजर आ रहे हैं। जिसका नतीजा ये है कि पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध कृत्रिम मेधा (एआई) और साइबर आधारित युद्ध से जुड़ी तीसरी पीढ़ी में सम्मिलित हो चुके हैं। आगामी वक्त में यानी भविष्य में हमें हाइब्रिड युद्ध कौशल की आवश्यकता पड़ेगी। यह एक ऐसा युद्ध कौशल है, जिसमें सीमा पर लड़ाई लड़ी जा सके, रेगिस्तान में रणनीति बनाई जा सके, शहरों में आपातकाल रोधी अभियान चला सकें और ड्रोन हमले में उन्हें निष्क्रिय करने के साथ-साथ साइबर हमलों से भी निपट सकें। सीडीएस ने कहा कि इस व्यापक दृष्टिकोण के मद्देनजर आज के युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गए हैं। जबकि पारदर्शी, तीव्र, बहुक्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गए हैं।

एलओसी के पास सुरंग में विस्फोट

# सेना के अग्निवीर की मौत 2 घायल, राहत कार्य शुरू

यह हादसा कृष्णा घाटी सेक्टर में हुआ

दबी एम-16 माइन की चपेट में आए




एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ ज़िले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में भारतीय सेना के अग्निवीर की मौत और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत दो अन्य घायल हो गए। यह घटना कृष्णा घाटी सेक्टर में उस समय हुई जब 7वीं जाट रेजिमेंट के जवान क्षेत्र नियंत्रण गश्त पर थे। रेजिमेंट के नायब सूबेदार हरि राम, हवलदार गजेंद्र सिंह और सिपाही ललित कुमार अपनी अग्रिम चौकी के पास नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान वे क्षेत्र में दबी एम-16 माइन के विस्फोट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी अधिकारियों को मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

**सेना ने दी श्रद्धांजलि**

सूत्रों ने बताया कि यह विस्फोट नियंत्रण रेखा से सटे केजी सेक्टर में एक बारूदी सुरंग से हुआ। जिसमें अग्निवीर सिपाही ललित कुमार शहीद हो गए और नायब सूबेदार हरि राम और हवलदार गजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कृष्णा घाटी सेक्टर में एक क्षेत्र प्रभुत्व गश्त के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान गंवा दी।

### ऑनलाइन गेम्स से चैट कर रहे आतंकी

*श्रीनगर। पबजी जैसे ऑनलाइन खेल में गुमनाम या अन्य साथियों के साथ बातचीत की आवश्यकता होती है और अब इन खेलों की यही विशेषता आतंकवादी समूहों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने सदस्यों से संवाद करने के प्रमुख संचार माध्यम में बदल गई है।*


भारत रणभूमि दर्शन योजना

# सिक्किम पर्यटकों के लिए जल्द खोलेगा डोकलाम और नाथूला दर्रा के दरवाजे

एजेंसी ▶▶| गंगटोक

अपने पर्यटन के लिए मशहूर राज्य सिक्किम के पर्यटन मैप में कुछ अनोखे गंतव्य जुड़ने जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई युद्ध क्षेत्रों को पर्यटन के लिए जल्द ही खोलने की घोषणा की थी, जिसके बाद सिक्किम ने डोकलाम सहित 3 युद्ध क्षेत्रों क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोलने की घोषणा की है। यह निर्णय सिक्किम राज्य के भू-राजनैतिक महत्व में वृद्धि लायेगा। डोकलाम की बात करें तो भारत, चीन और भूटान की सीमा पर स्थित यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र रहा है, विशेष रूप से 2017 के भारत-चीन गतिरोध के दौरान।

**राजनाथ सिंह ने की थी अपील**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत रणभूमि दर्शन' शुरु करने की घोषणा की थी जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदानों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक सैन्य महत्व के क्षेत्रों को जनता के लिए खोला जा रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामरिक महत्व वाले स्थलों को बढ़ावा देने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो नागरिकों को भारत के सैन्य अतीत से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

### चो ला भी जा सकेंगे पर्यटक

'भारत रणभूमि दर्शन' पहल के तहत, डोकलाम के अलावा, नाथूला दर्रा और चो ला भी पर्यटकों के लिए नए तरीके से खोले जाएंगे। चो ला और डोकलाम दोनों ही सिक्किम के दो प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं, जो छांगो लेक और नाथूला से 30 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं, और ये पहले से ही बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं।

अहमदाबाद विमान हादसा

# एफएफए बोला- फ्यूल कंट्रोल में नहीं मिली कोई भी खराबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। एफएए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले महीने एअर इंडिया बोइंग 787 जेट की घातक दुर्घटना किसी यांत्रिक समस्या या ईंधन नियंत्रण इकाई या स्विच की असावधानी से हुई दुर्घटना के कारण नहीं हुई थी। एफएए के प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने कहा कि हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यह बोइंग ईंधन नियंत्रण इकाई में कोई यांत्रिक समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि एफएए के कर्मचारियों ने इन इकाइयों को बाहर निकाला, उनका परीक्षण किया और निरीक्षकों को विमान में बुलाकर उनकी समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आगे बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार, किसी भी प्रकार की कोई समस्या ईंधन नियंत्रण में गड़बड़ी की नहीं मिली है। हालांकि, इस मामले में अभी बोइंग और एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें, हाल के दिनों में केंद्र सरकार के आदेश के बाद एअर इंडिया ने सभी 787 और 737 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है।



थाईलैंड ने कंबोडिया पर हवाई हमले शुरू किए, लॉन्च किया ऑपरेशन 'युथा बोडिन'

# सीमा पर झड़पों में 15 लोगों की हुई मौत, कई हुए घायल

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध भयानक होता जा रहा है। थाईलैंड की सेना ने अब कंबोडिया के खिलाफ 'ऑपरेशन युथा बोडिन' लॉन्च करने का ऐलान किया है। थाई सेना ने कहा है कि वो 'पवित्र भूमि के लिए युद्ध' शुरू कर रही है। थाईलैंड की सेना ने ऑपरेशन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा है कि उसका मकसद 'थाई भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को कुचलने' की है। कंबोडिया की सेना पर जबरदस्त हमला करते हुए थाईलैंड की सेना ने 'युथा बोडिन' नाम से जबरदस्त जमीनी और हवाई हमला शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने दोनों पक्षों से 'अधिकतम संयम बरतने और किसी भी मुद्दे को बातचीत के माध्यम से हल करने' का आग्रह किया है।



### 4 कंबोडियाई नागरिक घायल

*सीमा पर जारी हिंसक झड़पों के दूसरे दिन थाईलैंड की सरकार ने 4 सीमावर्ती प्रांतों से एक लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। अब तक 15 लोगों की मौत की रिपोर्ट दर्ज दी गई है, जिनमें 14 आम नागरिक हैं। ओड्डार मींचे प्रांत में कंबोडिया के मुख्य अधिकारी जनरल खोव ली ने शुक्रवार को कहा कि प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास सुबह-सुबह फिर से झड़पें शुरू हो गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई झड़प में कम से कम चार आम कंबोडियाई नागरिक घायल हुए हैं।*

### भारतीय दूतावास ने यात्रा परामर्श जारी किया

*थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए शुक्रवार को एक परामर्श जारी करते हुए उनसे थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर जारी हिंसा के बीच सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि वे 'टीएटी न्यूजरूम' समेत थाईलैंड के आधिकारिक सूत्रों से नवीनतम जानकारी प्राप्त करें। साथ ही उबोन*

**कंबोडिया ने रॉकेट दागे**

*थाई सेना ने बयान में कहा है कि कंबोडियाई सेना ने बीएम-21 ग्रैड रॉकेट सिस्टम और फील्ड आर्टिलरी का इस्तेमाल किया है। सेना ने कहा है कि स्थिति के मुताबिक उचित कार्रवाई की जा रही है। जबकि कंबोडिया ने दावा किया कि थाई सैनिकों ने बिना उकसावे के उनके इलाके में घुसपैठ की, जिसके जवाब में उन्होंने 'आत्मरक्षा के अधिकार' के तहत कार्रवाई की है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109